स्वदेश TODAY digital

रांची, मंगलवार
23.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 112, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
स्वदेश टुडे
देश की आवाज

विहिप हनुमान जन्मोत्सव पर राज्य के 32 हजार गांवों में विशेष आयोजन करेगा...
▶▶ 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### लोस चुनाव : सूरत से भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध विजयी



**सूरत :** लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। दरअसल, यहां से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिये गये थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है।

### हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची :** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत बड़गाईं अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है।

### चार साल का स्नातक कोर्स पूरा करने वाले छात्र दे सकेंगे यूजीसी (नेट) परीक्षा

**नई दिल्ली :** चार साल की स्नातक डिग्री लेने वाले छात्र अब सीधे यूजीसी नेट दे सकते हैं और पीएचडी कर सकते हैं। यह निर्णय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लिया गया है। यूजीसी ने बताया कि जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए छात्रों को चार साल के स्नातक प्रोग्राम में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड हासिल करने होंगे। मौजूदा व्यवस्था में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए छात्रों को केवल 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर (पीजी) डिग्री की जरूरत है। नये नियमों के तहत अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले छात्र भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

# वेंकैया नायडू समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2024 के लिए तीन पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 55 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिंदल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना



और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड की दो बेटियां पूर्णिमा महतो और चामी मुर्मू पद्मश्री से सम्मानित

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया है। पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। पूर्णिमा का जन्म 15



अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी के रूप में श्रीमती महतो का करियर शानदार रहा। उन्होंने 1993 और 1998 के बीच विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1994 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने 6 स्वर्ण पदक जीते जिसके बाद उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और उत्कृष्ट खिलाड़ी (महिला) का पुरस्कार दिया गया।

### चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर पीएम का हमला

# जनता की कमाई पर कांग्रेस मारना चाहती है पंजा : मोदी

एजेंसी

**अलीगढ़ :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आयी तो वह सबकी संपत्ति की जांच करायेंगे। वह आपकी संपत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है।

### मोदी का तंज – शहजादों की तुष्टीकरण में लगा ताला, नहीं मिल रही चाबी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है



### प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है लोकसभा चुनाव : योगी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिये प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ के लिए सबकुछ किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिये गये एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा - हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिये हैं। वहीं, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जायेगी। रविवार को प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा रैली के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किये थे। प्रधानमंत्री कहा था - अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी।

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार को बड़ा झटका

# हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति

एजेंसी

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है।



हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गयी स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये तक घूस लेने का आरोप है। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई तृणमूल पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं।

याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला है। इतना ही नहीं कुछ शिकायतें ऐसी भी थीं, जिनमें कहा गया था कि कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी उन्हें नौकरी दे दी गयी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गयी, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी। जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।

### पूर्व जस्टिस गांगुली ने मांगा ममता का इस्तीफा

**राज्य** में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिये हुई 25 हजार से अधिक नियुक्तियों को कलकत्ता हाई कोर्ट से रद्द किये जाने के बाद कोलकाता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए तुरंत ममता बनर्जी के इस्तीफा की मांग की है। उन्होंने कहा - अदालत ने उचित फैसला दिया है लेकिन आज मेरे लिए राहत का दिन नहीं है। क्योंकि मेरा राज्य इसी मुख्यमंत्री के अधीन चल रहा है। वास्तविक पात्र नौकरी चाहने वाले इतने लंबे समय से वंचित हैं। आशा है उनके लिये आवश्यक व्यवस्थाएं की जायेंगी।

### करप्शन के स्लीपर सेल की मुखिया है ममता : भाजपा

कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा 2016 की एसएससी भर्ती के संपूर्ण पैनल को अवैध ठहराने के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करप्शन के स्लीपर सेल की मुखिया बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता सयैद जफर इस्लाम ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में हुए भर्ती घोटाले पर मुहर लगा दी है। आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेनकाब हो गयी हैं। टीएमसी का मतलब ट्रांसफर माई कमीशन हो गया है। ममता दीदी करप्शन के स्लीपर सेल की सरगना हैं।

## चारधाम यात्रा : एक हफ्ते में 12.48 लाख श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस साल 10 मई से शुरू हो रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। इस साल चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट रहा है। इस साल महज सात दिनो में पंजीकरण की संख्या 12.48 लाख पहुंच गयी है। पिछले साल एक सप्ताह में लगभग चार लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया था। पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा



में देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया था। रविवार को एक लाख से अधिक यात्रियों ने बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण कराया। पर्यटन विभाग के अनुसार, अब तक 12.48 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके हैं।

## लोस चुनाव : गीता कोड़ा ने दाखिल किया नामांकन

- अर्जुन मुंडा के नामांकन में आयेंगे राजनाथ सिंह

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य में पहले चरण का चुनाव 13 मई को है। यहां कुल चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसके लिये भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सिंहभूम से वर्तमान सांसद व भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गीता कोड़ा ने अपराह्न 01:40 बजे जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष परचा दाखिल किया। इससे पहले गांधी मैदान से खूंटकटी तक रैली निकाली गयी। नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे।



इधर, खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा मंगलवार यानि आज नामांकन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे। पलामू और लोहरदगा से क्रमशः वीडी राम और समीर उरांव 24 अप्रैल को नामांकन करेंगे। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जबकि समीर के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे। पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जायेंगे। बता दें कि झारखंड में 13 मई से एक जून तक चार फेज में चुनाव होने हैं। पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा,और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं।

## भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा लौटीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी लगभग दो महीने के ऐतिहासिक ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा में अपने बेस पोर्ट पर विजयी होकर लौट आया है। यह अभियान भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी ने डबल-हैंडेड मोड में चलाया। महिला अधिकारियों की यह असाधारण यात्रा मील का पत्थर है, क्योंकि ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है। यह अभियान 28 फरवरी को गोवा से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया था। हिंद महासागर के माध्यम से 22 दिनों की यात्रा के बाद आईएनएसवी तारिणी 21 मार्च को पोर्ट लुइस, मॉरीशस पहुंची। पोर्ट लुइस में कार्यक्रम के बाद लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी 30 मार्च को गोवा की वापसी यात्रा पर निकलीं। अदम्य भावना और दृढ़ संकल्प के साथ 21 अप्रैल को आईएनएसवी तारिणी को सुरक्षित रूप से गोवा वापस पहुंचाया।

**आम चुनाव** | चुनाव के दौरान गर्मी और लू को लेकर निर्वाचन आयोग ने की बैठक, स्वास्थ्य मंत्रायल को कहा -

# राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को तैयारी के लिए जारी करें निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने और सामान्य अवधि के दौरान गर्म मौसम की स्थिति के कारण किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की। मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है। दूसरे चरण में मतदान वाले 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए मौसम का पूर्वानुमान सामान्य है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की




अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अतिरिक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विभाग प्रमुख और मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) डीजी मौसम विज्ञान ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोग, आईएमडी, एनडीएमए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स आवश्यकता पड़ने पर मतदान से पांच दिन पहले गर्मी की लहर और आर्द्रता के प्रभाव की समीक्षा करेगी।

आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को राज्यों में स्वास्थ्य अधिकारियों को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली लू की स्थिति के लिए तैयारी करने और सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है। आयोग 16 मार्च के अपने परामर्श के अनुसार मतदान केंद्रों पर शामियाना, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं आदि सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सीईओ के साथ अलग से समीक्षा करेगा। मतदान केंद्र क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के लिए जनता के बीच आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां की जायेंगी।

# अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत पर रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

- मौसम विभाग ने कहा- लू से बढ़ेगी परेशानी
- झारखंड, बिहार समेत कई राज्यों में इस महीने दूसरी बार चल रही है लू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में इस महीने दूसरी बार लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू की गंभीर स्थिति की आशंका है। मौसम विभाग ने कहा कि नमी बढ़ने से तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार के लोगों को असुविधा हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 22 अप्रैल और 23 अप्रैल को रात का तापमान काफी अधिक रहने की आशंका है। रात के उच्च तापमान को खतरनाक माना जाता है, क्योंकि शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है। शहरों में यह स्थिति और अधिक दिखती है। मौसम विभाग के अनुसार, लू की स्थिति तब बनती है जब अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री तक पहुंच जाता है या सामान्य से तापमान कम से कम 4.5 डिग्री अधिक हो जाता है। सामान्य तापमान से 6.4 डिग्री से अधिक होने पर भीषण लू की स्थिति बन जाती है।

NEWS IN Gallery

### मुरी रेलवे स्टेशन पर शायरे हिंदुस्तान हाजी दिलकाश का हुआ स्वागत



सिल्ली/मुरी : शायरे हिंदुस्तान हाजी दिलकांश रांचवी कलुवाडीह निवासी एक माह पूर्व हजे उमरा के लिए मक्का शरीफ, मदीना शरीफ तशरीफ लेकर गए थे। उनके पुरी आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन से मुरी स्टेशन पहुंचने पर मुरी सिल्ली के मुस्लिम समुदाय के लोग एवं प्रखंड जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने उनको माला पहनकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने मुरी स्टेशन के बाहर देश, राज्य और समाज में अमन शांति के लिए दुआएं पढ़ी। इस मौके पर मोहम्मद फारूक, हाजी मौलाना, नासिर अली फैजी, कलुवाडीह के इमाम, कारी तयेब, मंजूर आलम, शाहिद, हमीद रजा, जमील अंसारी, अब्दुल जब्बर, मोहम्मद तैयब, कुटाम के इमाम शहबाज रजा कादरी, मुख्तार आलम, सरवर रांचवी, मोहम्मद जमीर हुसैन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम ने सदस्यों को किया सम्मानित



रांची : श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम एवं अखाड़ा समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व मे श्री महावीर मण्डल कुटियतु तथा महावीर मण्डल तेतरि को उनके शोभा यात्रा जुलूस झांकी के लिए उनके गाँव स्थित मन्दिर मे जाकर सदस्यों को सम्मानित किया। अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रामनवमी महोत्सव के दिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से शोभा यात्रा आकर्षक झांकी भव्य जुलूस के साथ अखाड़ा स्थल नामकुम बाजार पहुँचे थे। लगभग 24 अखाड़े आये सबों को पुरस्कार मे एक तलवार मेडल चुनरी एक झंडा प्रभु राम का फोटो मोमेंटो दिया गया। अलग अलग अखाड़ा मे जाकर महावीर मण्डल के सदस्यों से मिलकर केंद्रीय समिति द्वारा आभार भी व्यक्त किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों मे रामनवमी के आयोजन को लेकर बहुत उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष नंद किशोर सिंह बबलू सिंह अजय कुमार रामोता विनय कुमार सहित काफी लोग उपस्थित थे।

### बिरसा कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

खूंटी : झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कॉलजे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है। पहली बार 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाया गया था।

# आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए : अर्जुन मुंडा

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी। एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। विकास के लिए समयबद्ध काम होना चाहिए। घड़ी के बंद होने से समय नहीं रुकता।



**नेत्रहीन मांदर वादक से प्रभावित हुए अर्जुन मुंडा**

उड़ीकेल गांव में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान गांव के ही नेत्रहीन मांदर वादक सूरदास मुंडा की प्रतिभा से अर्जुन मुंडा काफी प्रभावित नजर आये। उन्होंने सूरदास से हाथ मिलाया और कुछ दूर उसका हाथ पकड़कर साथ लेते गये। इस मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, सुधीर सिंह, मोहनलाल पाठक, अश्विनी शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज मिश्रा, जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण गोप, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

**भुईंहरी जमीन को हड़पने वाले आदिवासियों का विकास क्या करेंगे**

राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुईहरी की जमीन को हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेंगे और न उनकी रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देने के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया। तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नहीं गया था। द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया। मुंडा ने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम ने अतिथियों का स्वागत किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा आज नामांकन पत्र करेंगे दाखिल



- मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री और विधायक रहेंगे मौजूद

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : खूंटी(सु) सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगलवार को अपराह्न दो बजे नामांकन पत्र दखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कांग्रेस कें प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलमा अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कांगाड़ी, सिमडेगा के विधाायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस और झामुमो के कई नेता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सोमवार को कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुनीता गोप सहित कई नेता मौजूद थे। बंधु तिर्की ने बताया कि नामांकन के पूर्व दोपहर साढ़े बारह बजे कॉओपरेटिव मैदान में जनसभा होगी, जिसमें इंडी गठबंधन के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश और संविधान बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हाल के दिनों में अपमान किया गया, मणिपुर की घटना हो या छत्तीसगढ़ हर जगह आदिवासियों को अपमानित किया जा रहा है। लोकसभा प्रभारी ने कांग्रेस की पांच गारंटी की जानकारी देते हुए कहा युवा न्याया के तहत हर साल शिक्षित युवा कों एक लाख रुपये नकद, किसानों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थ्जन मूल्य, न्यूनतम मजदूरी चार सौ रु सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गणना कराई जायेगी।

# संत माईकल स्कूल में अर्थ डे मना



स्वदेश संवाददाता

सिल्ली : संत माईकल (+2) स्कूल, मूरी में सोमवार 22 अप्रैल को बड़ी उत्साह के साथ अर्थ डे मनाया गया। यह दिवस दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजन किया जाता है। इस दिवस के अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे - आम, अमरूद, पपीता, जामुन इत्यादि विद्यालय में लाए एवं स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया। विद्यालय के निदेशक, प्रचार्य एवं शिक्षको ने भी इस अवसर पर आयोजित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। पृथ्वी दिवस के जरिए विद्यालय के बच्चो ने ग्रीन अर्थ एवं प्रदुषण मुक्त पृथ्वी का संकल्प लिया।इस मौके पर पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जैसे भाषण, पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग आदि जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार जी छात्रों को पेड़, पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी।स्कूल के प्रचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक दिन मना कर पर्यावरण संरक्षित नहीं कर सकते इसके लिए पूरे वर्ष सक्रिय रहने की आवश्यकता है। विद्यालय की शिक्षिका सपना दत्ता ने बच्चो को इस दिवस की महत्ता बताई और सभी को पौधारोपन करने एवं पौधो को रोजाना पानी डालने के लिए जागरूक किया । मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए श्वेता भेगरा, मंजू कुमारी, सीमा कुमारी, मनीषा सिंह,उत्पल कुमार, अभिरूप दत्ता, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराई , सुशील कुमार एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक संपन्न, वक्ता बोले –

# नये रुप में दुनिया के सामने खड़ा है भारत

स्वदेश संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक नामकुम स्थित चौहान मेंशन मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने एवं अध्यक्षता सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखोरी रंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्य क्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे रांची सांसद संजय सेठ , विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू कुणाल आजमानी गुरविंद सिंह सेठी उपस्थित हुए। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि वास्तव मे देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्र की नीति और सैनिकों की ताकत के कारण ही आज भारत नये रूप मे दुनिया के सामने खड़ा है। आसमान से लेकर पाताल तक की ताकत को दुनिया देख रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह चुनाव प्रमुख अजय मारू ने कहा कि भारत आज सैनिकों की बदोलत कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक एक है। 21 वी सदी का यह भारत पिछले दस वर्षों मे नये ताकत के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की बातों को रखते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों को पूरे देश मे जिस तरह सुविधा दी जाती है उसी तरह झारखंड मे भी सविधा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का एक एक वीर सैनिक जब सरहद पर सोता हूँ तब देश का हरेक नागरिक चैन की नींद सोता है। आज ऐसे सैनिकों को उनका सम्मान मिलना ही चाहिए। अतिथियों का स्वागत अरुण झा सविता देवी ललन ठाकुर शिल्पी शालिनी ने बुके व अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का समापन जन मन गण राष्ट्र गान के साथ किया गया। कार्यक्रम मे सूबेदार अरुण कुमार झा सूबेदार ललन ठाकुर अरुण तिवारी अक्षय मिश्रा सुरेश पांडेय बिकु सिंह एनपी सिन्हा संगीता उराव रीता देवी रूपा देवी शारदा देवी बिनोद सिंह पृथ्वी राज कृष्णा कुमार नंद किशोर सिंह सहित सैकडो की संख्या मे पूर्व सैनिक उपस्थित थे।



# आरकेडीएफ विवि में पृथ्वी दिवस मनाया गया

स्वदेश संवाददाता

रांची : आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में विभिन्न विभागों के छात्र एवं छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए। इस अवसर पर पौधारोपण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस. चटर्जी चटर्जी ने कहा कि प्लास्टिक पृथ्वी के स्वास्थ्य को बहुत नुकसान पहुंचा रही है, इसलिए इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक रखा गया है।थीम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। इस वर्ष यह भी तय हुआ है कि पृथ्वी को स्वस्थ रखने के लिए प्लास्टिक को समाप्त करना है, इसके लिए अधिक से अधिक पौधों को लगाया जाना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अमित पांडे ने कहा कि जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं उसे रहने के लायक बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए अधिक से अधिक लोग पृथ्वी दिवस के महत्व को समझे।उन्होंने बताया कि इस दिन को इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के नाम से भी जाना जाता है। इस दिवस को मनाने का अर्थ पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए उसको प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि लोग पौधों को अपना दोस्त मानकर उसके प्रति अपनापन का भाव जगाएं।इस पौधा रोपण में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# कालीचरण मुंडा की जीत के लिए पूरा जोर लगायें युवा कार्यकर्ता : अरूण संगा

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर खूंटी जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं की सोमवार को कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवा न्याय यात्रा और खूंटी लोकसभा चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष कुणाल कमल ने की। मौके में प्रदेश प्रभारी इशिता शेडा ने कहा कि युवा कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा ने कहा कि खूंटी लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भारी मतों से विजयी होगे। इसकें लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरा दम लगायेंगे। मौके में खूंटी जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, सोशल मीडिया प्रभारी गुलाम गौस , जया एक्का, जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, दशरथ पाहन, संजीत, शांति प्रिया, अनीशा, आशा, खुशबू, मोनू आदि मौजूद थे।



# जेवीएम श्यामली में दसवीं के बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

रांची : छात्र जब 10वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं तो वे अपने भविष्य के लिए आकांक्षाएँ और महत्वाकांक्षा पालना शुरू कर देते हैं। लेकिन इस उम्र में छात्र उन सभी संभावित करियर पथों से अवगत नहीं हो पाते जो उनकी रुचि को एक सफल पेशे में बदलने में मदद करते हैं। इस उद्देश्य को समर्पित जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए दयानंद प्रेक्षागृह में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ। काउंसेलर श्रीलेखा मेनन ने दसवीं के छात्रों का मुख्य रूप से छात्रों की शैक्षिक योजनाओं करियर की चिंता स्ट्रीम और विषय चयन की दुविधाओं को लेकर कक्षा दसवीं के छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने पूर्ववर्ती सफल छात्रों का उदाहरण देकर और कई ऑडियो और वीडियो के द्वारा बच्चों के मनोबल को बढ़ाया तथा परिश्रम और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका इसे बनाना है। कुछ छात्र सोचते हैं कि मुझे साइंस स्ट्रीम नहीं मिला तो मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई। ऐसा सोचना गलत है। आप अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार विषय का चयन करें। आज तो बहुत सारे छात्र आट्र्स स्ट्रीम में जाकर यूपीएससी में अपना लोहा मनवा रहे हैं। क्लैट और कॉमर्स पढ़कर भी छात्र सफल होते हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और पार्श्व गायिका लता मंगेशकर का उदाहरण देकर उन्होंने रुचि के अनुसार कैरियर का चुनाव करने का सलाह दिया। शिक्षिका शालिनी सिंह ने छात्र के जीवन में अनुशासन का महत्त्व बताया साथ ही बड़ों या श्रेष्ठ जनों के आशीर्वाद के महत्त्व को भी समझाया। प्रभाग प्रभारी श्री शीलेश्वर झा सुशील ने कहा कि कैरियर परामर्शदाता आपके जीवन के क्षेत्र में परिवर्तनकारी सहायता प्रदान कर सकते हैं यदि आज दिए गए महत्त्वपूर्ण निर्देश को जीवन में आचरित करते हैं।



कार्यक्रम

### सरना धर्म सोतो : समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा

# जीवन में सुख-शांति के लिए सिंगबोंगा की स्तुति जरूरी : धर्मगुरु

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : अड़की प्रखंड के बिरबांकी में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में धीरजू मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जीवन की भाग-दौड़ में अपने धर्म-संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे हम आर्थिक संपन्नता में भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। समाज में बुराइयां फैल रही हैं। लोभ, लालच व अहंकार से हम त्रस्त हैं। अतः जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिङबोंगा की स्तुति जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है। हमारे महापुरुष अपनी धर्म, संस्कृति एवं समाज के साथ ही जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहे। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर सरना धर्म कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में श्वेता बाखला, मोती नाग, मथुरा कंडीर, बाजीनाथ मुंडा, एतवा मुंडा, गुरूआ मुंडा, रमण मुंडा, सागर मुंडा, करमू हेंब्रोम, सूरज मुंडा, विश्राम टूटी, मंगा मुंडा, सलीम मुंडा, बिरसा कंडीर, चौतन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।



# चैम्बर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

स्वदेश संवाददाता

रांची : झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक चेंबर भवन में उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा गया कि यह धरती माता हम सब की पोशक है हम सबको इसकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है और यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है कभी बाढ़ सूखा गर्मी का बढ़ना तूफान भूकंप इसका प्रमुख कारण है लोगों की जान माल की क्षति पहुंच रही है धरती का शोषण दोहन अत्याचार करना बंद करना होगा तभी सभी धरती पर सुरक्षित रह सकते हैं हम सभी धरती के पुत्र समान हैं तभी हम इसे धरती माता कहते हैं और प्रणाम करते हैं धरती माता लोगों के सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदुषण एक गंभीर समस्या बना हुआ है इससे बचने हेतु अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके पौधरोपण द्वारा ही पर्यावरण की रक्षा संभव है. बैठक में चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल सदस्य आनंद जालान परमजीत सिंह चाना मनोज कुमार मिश्रा स्वामी दिव्यज्ञान मोनल श्रीवास्तव कुमार शिवम सहित अन्य उपस्थित थे।



NEWS IN Gallery

## राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार



**रांची** : रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। जबकि मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अप्रैल को मुबारक अंसारी रात आठ बजे फोन कर थाना में सूचना दिया था कि उसके छोटा भाई सरबर अंसारी जो राज मिस्त्री का काम करता है । वह शाम को अपने लेबर बिरसमुनी उराईन को पैसा देने के लिए चरिया गांव गया था, जो अभी तक घर नही आया है और उसका फोन भी बन्द है। सूचना के बाद पुलिस सरबर अंसारी को खोजबीन करने के लिए चरिया गांव पहुंची और काफी खोजबीन करने के बाद रात एक बजे सरबर अंसारी का शव खिरदा मोड़ के अन्दर बिजली के टावर के पास खेत से बरामद किया गया।

## सीबीआई के नाम पर 40 हजार की साइबर ठगी

**रांची** : राजधानी के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत अंतर्गत वैशाखी कॉलोनी निवासी गणेश दुबे से सीबीआई द्वारा जांच के नाम पर डराकर साइबर ठगों ने 40 हजार रुपये ठग लिए। इस संबंध में गणेश दुबे ने कहा कि सोमवार को उनके मोबाइल पर 92 3147037233 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा आशीष दुबे जो कि सूरतकल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, रेप की घटना में संलिप्त था और वह पकड़ा गया है। उसे मीडियावालों से अलग रखा गया है। वरीय पदाधिकारी से बात हुई है। यदि उसे अपने बेटा को मामले से बचाना है तो 40 हजार रुपये दिये गये नंबर पर ट्रांसफर करना होगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की करें समीक्षा : के रवि कुमार

स्वदेश संवाददाता




**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। पदाधिकारी मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें। मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए उन्हें मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। रवि कुमार ने यह बात शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिलों धनबाद, बोकारो, रांची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरुकता फैलाने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया। रवि कुमार ने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। रवि कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अर्हता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत-प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें। रवि कुमार ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहत स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरुकता फैलाएं। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। साथ ही तैयार कार्ययोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

## रांची में नौवीं सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता 27-28 अप्रैल को



स्वदेश संवाददाता

**रांची** : नौवीं सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता 27 एवं 28 अप्रैल को बिशप स्कूल, ओल्ड एचबी रोड, बहु बाजार के प्रांगण में आयोजित की जाएगी।दो दिवसीय राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के साथ क्विज, स्पीच, पेंटिंग एवं रंगोली की भी प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। प्रतियोगिता में तीन साल से लेकर सत्तर साल तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न होगी। 27 तारीख को उद्घाटन सत्र के अलावा योग के प्रतिभागी ग्रुप डी, ई, एफ और जी के लड़के एवं लड़कियां शामिल होंगे. दूसरे दिन बाकी ग्रुप ओ, ए, बी एवं सी, इन सबकी प्रतियोगिता शुरू होगी। साथ ही साथ पेंटिंग, क्विज, स्पीच और रंगोली की भी प्रतियोगिता रविवार को ही आयोजित की जाएगी। यह जानकारी डॉ. परिणीता सिंह ने एक बैठक के बाद दी। बैठक में निशि अग्रवाल (उपाध्यक्ष), योगाचार्य आदित्य कुमार (सेक्रेटरी), डॉ रूपम सिंह (ज्वाइंट सेक्रेटरी), विवेक कुमार, निक्की साहू, शैल मिश्रा, दिव्या, पूनम प्रसाद, संजय कुमार, निहारिका राय ने भी भाग लिया।

## रैली के केंद्र में कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन हुए किनारे : प्रतुल शाह देव

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने उलगुलान न्याय महारैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि पूरी रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगले नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रही जबकि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री के अपमान के समान है। प्रतुल भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई? प्रतुल ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। दर्जनों के सिर फट गए। कईयों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब निराश-हताश झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हंगामा का आरोप लगा रहीं है जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता, कार्यकर्ता एक-दूसरे को पीट रहे थे। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आए लेकिन रैली के दिन गायब रहे। मीडिया में यह खबरें फैलीं कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवत इसी कारण से वह नहीं आए और झामुमो इस मुद्दे पर झूठ बोलती नजर आई। प्रतुल ने कहा कि जो कुछ भी रैली में हुआ वह परिवारवादी इंडी गठबंधन की सच्चाई को दशार्ता है।

## रिम्स में सुरक्षा में भारी चूक, कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

**रांची** : रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला। आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है।

## संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत : सुदेश महतो

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है। इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। सुदेश कुमार महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। महतो ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है तो दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है। हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। महतो ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकताओं की अहम भूमिका है।

## विहिप हनुमान जन्मोत्सव पर राज्य के 32 हजार गांवों में विशेष आयोजन करेगा : चंद्रकांत रायपत

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जायेगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। चंद्रकांत रायपत सोमवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थानों पर मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा। इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

## अफसर अली की रिमांड अवधि 27 अप्रैल तक बढ़ी

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हेलीपैड का भाड़ा को अलग-अलग जिले के अलग-अलग दर पर लेने के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा शामिल थे। राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन में जाने के लिए प्रशासन से हेलीपैड किराये पर लेते हैं, गुमला में जब भाजपा की टीम अपने नेताओं के लिए हेलीपैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का तुगलकी फरमान जारी किया। अभी झारखंड में कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है। सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है। गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेलीपैड का दर सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रहा है उससे ये लग रहा है की स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून को नहीं मानने का मूड बना चुके हैं। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही में पलामू में शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया था।

आदेश

### झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को दिया निर्देश

# अतिक्रमण हटाने के लिए चलाएं अभियान

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है? इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है।



इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे। कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं? कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है तो फिरायलाल चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकान नहीं लगनी चाहिए लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है।

### हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा, चैशायर होम रोड की जमीन की क्या प्रकृति है और मूल रैयत कौन है?

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की क्या प्रकृति है तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आया है उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी। विष्णु अग्रवाल पर चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल,विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

## उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची** : राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमें लगता है कि यह भाजपा की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टारगेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

NEWS IN Gallery

## वर्ष 1980 में कोडरमा से दोबारा सांसद चुने गये थे रीतलाल वर्मा



कोडरमा : साल 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन होने और रीतलाल प्रसाद वर्मा के सांसद बनने के बाद 1980 में मध्यावधि चुनाव हुआ। जनता पार्टी की सरकार के गिरने और देश में हुए मध्यावधि चुनाव के बाद केंद्र में फिर से कांग्रेस की सरकार बनी लेकिन कोडरमा से रीतलाल मध्यावधि चुनाव में भी जनता पार्टी के टिकट पर दोबारा चुन लिए गए। रीतलाल ने कांग्रेस पार्टी के ही प्रत्याशी जावेद वारसी को लगभग 23000 मतों के अंदर से हराया था। चुनाव में कुल 9 उम्मीदवार खड़े थे, जिनमें रीतलाल प्रसाद वर्मा को 108236, कांग्रेस (आई) के जावेद वारसी को 85870, कांग्रेस (यू) से शंकर दयाल सिंह को 31375, निर्दलीय खड़गधारी सिंह को 23072, लक्ष्मीकांत शाह को 5953, गिरजानंद प्रसाद सिंह को 4605, गणपत राय 2608, अरुण राय को 2246 और सूर्य नारायण राम को 2124 मत मिले थे।

## आगजनी से दो सौ बोझा अनाज जलकर राख



इटखोरी : इटखोरी प्रखंड के परसौनी पंचायत के लिटा निवासी रामरतन राम व सोनू कुमार राम के अनाज के बोझा में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई आग से तकरीबन दो सौ बोझा अनाज जलकर राख । जिसमें डेढ़ सौ बोझा गेंहू चालीस बोझा अरहर तीस बोझा खेसारी जलकर राख हो गया । किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर खेती किए थे लेकिन अब तो भुखमरी की स्थिति हो गई है उन्होंने बताया कि इस आगजनी के मामले को लेकर अंचल व थाना में आवेदन देंगे जिससे सरकारी सहायता मिल सके ।

## भद्रकाली में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

इटखोरी : भद्रकाली महाविद्यालय में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन एनएसएस इकाई 1 एवम 2 के तत्वावधान में अफरोज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल चौपारण के सौजन्य से किया गया।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र/छात्राओं,महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक, तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के अतिरिक्त ,बलिया,सोनिया,परसौनी,सोनासीमर , पचमो गांव के ग्रामीणों के आंखों की जांच करके मुफ्त दवाइया एवम परामर्श दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। इसके पूर्व नेत्र चिकित्सकों एवम तकनीकी कर्मियो के महाविद्यालय पहुंचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम में डॉक्टर मो्ङ्क मोहसिन रज्जा, मो्ङ्क इफ्तेखार आलम, मो्ङ्क इरफान खान, मो्ङ्क शाहरुख खान,एवम शांति देवी शामिल रहे।

# कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं : बाबूलाल मरांडी

स्वदेश संवाददाता



पश्चिमी सिंहभूम : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीटें जीतना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 सीटें लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभालें, यही निवेदन करने आया हूं। मरांडी आज चाईबासा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। वे सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के अवसर पर चाईबासा पहुंचे थे। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश और झारखंड के लिए काफी काम किया है। पार्टी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है। इस दौरान सभी वर्गों के लिए काम किया। पिछली किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में इतना काम नहीं किया। भाजपा जो कहती है, वह करती है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन है। झारखंड की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही थी लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस राज्य की लोगों की भावना का कद्र नहीं किया। कभी सम्मान नहीं दिया। यहां के नेता जयपाल सिंह और शिबू सोरेन को खेलाते और खिलाते रहे लेकिन झारखंड राज्य नहीं बना। भाजपा ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना देगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनते ही 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग राज्य का गठन हो गया। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने से पहले गांव में सड़कें नहीं थी। बीमार होने पर लोग अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे। केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार बनने पर पूरे देश और राज्य के गांव-गांव तक सड़कें बन गई। अब लोग राज्य के हर गांव में गाड़ी से जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से 55 साल तक राज किया लेकिन उन्होंने गांव के लोगों की चिंता नहीं की। उनकी तकलीफ और दर्द को नहीं समझा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता में बैठे लोगों ने चार वर्ष में राज्य को लूटकर खोखला कर दिया है। यह लोगों में प्रचार कर रहे हैं कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल में डाला है। उनका कोई कसूर नहीं है लेकिन ईडी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट को पढ़ लेने से यह पता चल जाएगा कि हेमंत सोरेन की करतूतें क्या है। हेमंत सोरेन चोरों के सरगना बनकर बैठे हुए थे। उन्हें संरक्षण दे रहे थे। कोयला, पत्थर की तस्करी हो रही थी। फर्जी कागज बनाकर सेना और सरकारी जमीन को बेचा गया। ऐसा करने वालों को ईडी तो जेल में डालेगी ही। एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि सामने जो प्रतिद्वंदी है, उसके पास ना नीति है और ना नीयत। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के लोगों के साथ छल किया है। भोले भाले जनता को ठगने का काम किया है। उनके साथ धोखेबाजी की है। यहां की जनता को गर्त में धकेलना का काम किया है। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं पर बैरिकेड लगाने का काम किया है। हरियाली आंसू बहाने का काम झामुमो के नेता कर रहे हैं कि हमें तो कुछ ही मिल ही नहीं रहा है। राज्य के लिए इनकी सोच और दूर दृष्टि नहीं है। सिंहभूम में 30 से 35 हजार बच्चे ड्रॉप आउट हैं लेकिन सरकार की नींद नहीं खुल रही है। लोग पलायन कर रहे हैं। मजदूरों के लिए रोजगार मुहैया सरकार नहीं कर रही है।

# शक्तिपुंज एक्सप्रेस का एसी हुआ फेल, परेशान रहे यात्री

रामगढ़ : भीषण गर्मी में शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी का एसी फेल हो गया। बोगी में बैठे यात्रियों की हालत खराब हो गई। यह ट्रेन बरकाकाना जंक्शन पर पहुंची तो यात्री बोगी से उतरकर बाहर निकल गए। वहां अफरा-तफरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ लोग रेलवे कर्मचारियों को कोस रहे थे तो कुछ लोग टेक्नीशियन की हरकतों से परेशान दिखे। यात्रियों ने @रेलमदद पर ट्वीट भी किया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 01:10 बजे शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच बी-3 के एसी काम नहीं कर रहा था। पहले तो लेकर टीटीई से शिकायत की गई। कोई हल नहीं निकला तो यात्री दीपायन मुखर्जी ने @ रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई। 'रेलवेसेवा' ने त्वरित संज्ञान लिया। रेफरेंस नंबर 2024042109772 के तहत शिकायत पर संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देशित किया गया। ट्रेन शाम 08:55 बजे बजे बरकाकाना पहुंची, जहां कोच के यात्री काफी परेशान दिखे। हावड़ा से बरकाकाना पहुंचे दीपायन मुखर्जी ने कहा कि सफर के दौरान टेक्नीशियन की टीम ने एसी ठीक करने का प्रयास किया लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। हावड़ा से गढ़वा जा रहे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन परिचालन से पूर्व तकनीकी खराबियों को दूर कर लेना चाहिए था, जिससे सवारियों को परेशानी उठानी न पड़े। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कोच में एसी चालू था लेकिन ठीक तरीके से कूलिंग नहीं हो पा रही थी। बताया जाता है कि चंद्रपुरा स्टेशन से टेक्नीशियनों ने मरम्मत करते हुए गड़बड़ी में काफी हद तक सुधार भी कर लिया था।



## आसमान में छाये बादल, भीषण गर्मी से मिली राहत



रामगढ़ : पिछले कुछ दिनों से जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से पार था। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया था। सुबह आठ बजे के बाद ही तीखी धूप लोगों को घरों में ही दुबका देती थी। पूरे दिन लू के थपेड़े आम जनजीवन को प्रभावित कर रहे थे। लेकिन सोमवार को रामगढ़ की पूरी फिजा बदली बदली सी थी । आसमान में काले बादल छा गए और ठंडी हवाओं ने लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत दी । हालांकि किसी भी इलाके में बारिश होने की सूचना तो नहीं है, लेकिन ठंडी हवाओं और धूप से मिली राहत आम जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए काफी था। लोग पूरे दिन सड़क पर निकले, दोपहर के बाद पार्क और मॉल में भी लोगों की आवाजाही लगी रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह राहत भी बहुत ज्यादा दिन नहीं रहने वाली। पारा एक बार फिर 42 डिग्री सेल्सियस के पार होने की संभावना है। 24 घंटे बाद एक बार फिर तीखी धूप लोगों को सताएगी। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों को गर्मी से बचने की सलाह दी गई है।

## जमशेदपुर के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के आरोप से अखिलेश सिंह बरी



जमशेदपुर : एडीजे-4 आनंद मणि त्रिपाठी की कोर्ट ने सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग के केस में दुमका जेल बंद में जमशेदपुर के गैंगस्टर अखिलेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। केस में अनुसंधान पदाधिकारी समेत कुल 22 लोगों की गवाही हुई थी लेकिन अखिलेश सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 120 बी, आर्म्स की धारा साबित नहीं हो सकी। इस केस में आरोपित बंटी जायसवाल, रितेश राय, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू सिंह के खिलाफ अलग से सुनवाई चल रही है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर अधिवक्ता प्रकाश झा, अधिवक्ता विद्या सिंह ने पक्ष रखा जबकि आरोपित गैंगस्टर अखिलेश सिंह वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जुड़ा था। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च, 2008 को साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्पाद कार्यालय के समीप जमशेदपुर कोर्ट के पूर्व जज आरपी रवि पर गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गुर्गों ने फायरिंग की थी। गोली उनकी छाती, पैर, कान के पास में लगी थी। बताया जा रहा है कि साकची जेल के तत्कालीन जेलर उमाशंकर पांडेय हत्याकांड में तत्कालीन जज आरपी रवि ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। इस फैसले से नाराज गैंगस्टर अखिलेश सिंह ने जज से बदला लेने के नीयत से फायरिंग करवाई थी। घटना के बाद पुलिस ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह, सुधीर दुबे, बंटी जायसवाल, नितेश, पप्पू सिंह, मनोरंजन सिंह उर्फ लल्लू को आरोपित बनाते हुए केस किया था।

# मनदीप बने पत्थलगड़ा के प्रखंड टॉपर

स्वदेश संवाददाता







पत्थलगड़ा : प्रखंड क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित बकुलिया नदी रोड में संचालित एजुकेशन पॉइंट कोचिंग सेंटर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैट्रिक का रिजल्ट बेहतर रहा इस कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष जिला टॉप टेन में आते रहे हैं शिक्षकों के कड़ी मेहनत और लगन के कारण इस कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष प्रखंड टॉप करते हैं इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा 23 - 24 में कोचिंग संस्थान का सत प्रतिशत रिजल्ट रहा एजुकेशन पॉइंट के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि कोचिंग के छात्र मनदीप कुमार पांडेय पिता दामोदर पांडेय सिंघानी निवासी 96.6% अंक लाकर जिले में तृतीय स्थानऔर अपने प्रखंड में टॉपर बना मनदीप कुमार पांडेय जनता प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्यनरत थे वे एजुकेशन पॉइंट कोचिंग सेंटर से मैट्रिक का तैयारी करते थे साथ ही कई ऐसे विद्यार्थी हैं जो कोचिंग टॉप किया शिवानी कुमारी 91.6% पूनम कुमारी 91.4% लाकर प्रखंड टॉप किया वही विवेक कुमार 89.8% सुधांशु रंजन 88.8% शैलेंद्र कुमार 88.3 % अजीत कुमार 88.2% दीप्ति रानी 85.4% अंक लाकर उत्क्रमित हाई स्कूल तेतरिया स्कूल टॉपर बनी आयुष कुमार 85% शैलेश कुमार 84.8 दिवेश कुमार राणा 84.6% लक्ष्मी कुमारी 82.8% प्रियांशु कुमारी 81.8 % अमरकांत कुमार 80.6% प्रिंस कुमार यादव 80.6% सोनू कुमार यादव 76.2% काजल कुमारी 75% रिया गिरी 75.6% रानी कुमारी 73% रंजन कुमार 72.4% तरुण कुमारी 73.2% अनु कुमारी 71.4% प्रताप कुमार 70.4% दिव्यांशु कुमार 70.2% सानिया कुमारी 62.4% करिश्मा कुमारी 60.8 % अंजली कुमारी 60% प्रिंपल कुमारी 68.8% अस्मिता कुमारी 63.5% माही कुमारी 60% प्रिया कुमारी 64% करीना कुमारी 68% सोनाली कुमारी 60% सुमन कुमारी 64.8% ललन कुमार 65.2 प्रतिशत जितेंद्र कुमार 63.8 प्रतिशत पवन कुमार 61.2% आयुष कुमार यादव 64.4% कुंदन कुमार 67.6% शिवम कुमार सिंह 63.8 % रोशन कुमार 69% आकाश कुमार 68.4% अनुज कुमार 65.8 % नीरज कुमार 69% पवन कुमार 66% निखिल देव कुमार 60% निखिल कुमार 60.4% पीयूष कुमार 63.4% सुमित कई छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर कोचिंग संस्थान का मान बढ़ाया सभी छात्र छात्राओं ने अपने सफलता का श्रेय एजुकेशन पॉइंट के शिक्षक और अपने माता-पिता को दिए बताते चले की एजुकेशन पॉइंट के बेहतर रिजल्ट के कारण पत्थलगड़ा का एकमात्र शिक्षण संस्थान है जहां अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने में रुचि रखते हैं।

# शराबी युवक ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की कर दी हत्या

लातेहार : जिले के गारू थाना क्षेत्र के डबरी में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कुल्हाड़ी से मारकर कर दी । घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपित का पिता सूरज उरांव (65)भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल है। आरोपित रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया तो सबसे पहले उसने कुल्हाड़ी से अपने पिता की हत्या कर दी। इसके बाद रंजन ने अपने चचेरी भाभी अनुपमा देवी और एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी को भी कुल्हाड़ी से काट डाला। आरोपित ने अनुपमा देवी का तो सर ही धड़ से अलग कर दिया, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं आरोपित ने अपना चचेरे भाई और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया। लेकिन दोनों किसी प्रकार बच गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतकों को के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। डबरी गांव काफी सुदूरवर्ती गांव है। यहां मोबाइल का नेटवर्क भी काम नहीं करता है। इस कारण घटना की जानकारी घटना की जानकारी रात में लोगों को नहीं हो सकी थी। सोमवार को जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शपथ ली

स्वदेश संवाददाता



इटखोरी : भद्रकाली महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। मतदान को स्वच्छ एवं निर्भीक ,पक्षपात रहित ,बिना किसी प्रलोभन के ,जाति धर्म से ऊपर उठकर करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। उन्होंने कहा की सभी को पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करना चाहिए। प्रो.ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। एक एक मत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो जानकी प्रसाद दांगी,प्रो श्याम सुन्दर प्रसाद,सकेंद्र मिस्त्री, डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार, डॉक्टर ईवा सिन्हा, मधुबाला, लिलुरानी, प्रो ललित सिंह ,धीरेंद्रयादव, संदीप कुमार, राकेश कुमार, पंकज कुमार, महेंद्र ठाकुर, मोइद्दीन अंसारी, सहित छात्र/छात्राएं एवम महाविद्यालय कर्मियों की उपस्थिति रही।

# पृथ्वी दिवस पर ज्यादा पेड़ लगाने का दिया संदेश

- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में हुआ कार्यक्रम

स्वदेश संवाददाता




रामगढ़ : पृथ्वी दिवस पर रामगढ़ जिले में धरती को बचाने का संदेश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। गोला पंचायत के चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डालसा रामगढ़ के बैनर तले बच्चों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पीएलवी पूनम कुमारी ने दिया। साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी। पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। बच्चों को बताया गया कि पेड़ लगाने से पृथ्वी का मौसम संतुलित रहता है। बच्चों को पर्यावरण से जुड़े रहने की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि प्रत्येक मनुष्य को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही बच्चों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई।

लोस चुनाव | भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा, कहा -

# जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए लड़ रही हूं चुनाव

स्वदेश संवाददाता



खूंटी : भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी- मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी। आजादी के पहले इतिहास का देखा जाय, तो आदिवासी क्षेत्रों में चुनाव नहीं होता था। 1950 से पहले जो भी अंग्रेजी कानून होते थे, जो भी रेगुलेशन होते थे, उसमे चाहे बंगाल रेगुलेशन या मद्रास रेगुलेशन, इसमें साफ था कि आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों का कानून लागू नहीं होता था। आजादी के बाद एसटी कमिशन की जो रिपोर्ट है, उसमें साफ-साफ कहा है कि जितने भी पुराने और नए कानून बने हैं, उसको आदिवासी क्षेत्रों में लागू करने के लिए यहां के रीति-रिवाज और स्थानीय लोगों की जमीन को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। बबीता कच्छप ने कहा कि यह बात सही है कि हमने ग्रामीणों से वोट बहिष्कार की बात कही थी। सरकार तक बातें पहुंचने के लिए वह एक आंदोलन था।

### पोस्टल बैलेट से मतदान की दी गई जानकारी

खूंटी : लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के अब्सेंटी वोटर्स एसेंसियल सर्विस कैटेगरी के मतदाताओं से संबंधित वीडियो का अवलोकन तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने की। लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बौद्धिक विकास और पौष्टिक आहार के साथ बच्चों को सिखाया जायेगा गुड टच-बैड टच

- रामगढ़ पार्क में लगा कैंप, बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य की जानकारी

स्वदेश संवाददाता




रामगढ़ : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से एक नई पहल शुरू की है। सामाजिक संगठनों के द्वारा रामगढ़ के ब्रिगेडियर पुरी पार्क में पांच दिवसीय कैंप लगाया गया है। इस कैंप में पहले ही दिन सोमवार को बच्चों को उनके स्वास्थ्य की पूरी जानकारी दी गई । सबसे हम विषय बौद्धिक और सामाजिक विकास का है। लेकिन इसमें पौष्टिक आहार को भी शामिल किया गया है। सामाजिक कुंठाओं से बच्चों को बचाने के लिए गुड टच और बेड टच की जानकारी भी दी जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बच्चों का बौद्धिक और समाजिक विकास हो, साथ ही साथ उनका पौष्टिक आहार के साथ खेल कूद मनोरंजन भी हो सके।

### जानिये पांच दिनों में क्या-क्या सीखेंगे बच्चे

संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं अन्नू खंडेलवाल, ने बताया कि बच्चो को नियमित ब्रश करने एवं इसके तरीके, गुड टच-बैड बैड टच की जानकारी, पढाई के साथ झ साथ जीवन में खेल-कूद का महत्व, जंक फूड के बदले पौष्टिक आहार खाना, खुद को सफाई के साथ रखना के तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा बच्चो को स्थानीय जू, पार्क इत्यादि का भ्रमण करवाया जाएगा।

### सोशल मीडिया, ध्यान और योग पर भी है जोर

मारवाड़ी युवा मंच बच्चों को वर्तमान समय में तनाव से बचने के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग, ध्यान और योग के बारे में भी जानकारी देगी। ताकि बच्चे अपने शारीरिक पोषण के साथ-साथ अपनी शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रख सके।

www.swadeshtoday.com
Follow as on @swadeshtoday @swadesh_today 8092174888

NEWS IN Gallery

### गिरिडीह में 34 गोवंश बरामद, चार गिरफ्तार



**गिरिडीह :** जिले की बगोदर थाना पुलिस ने सोमवार को गोवंश लोड गाड़ियों को जब्त किया, जिसमें कई बछड़ों समेत 34 गोवंश लदे थे। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने बताया कि वाहनों में लोड गोवंश को बिहार से पश्चिम बंगाल पहुंचाया जा रहा था। गोवंश को मुक्त कराकर मधुबन गोशाला भेजा दिया गया है।

### सरिया पुलिस ने 150 बोतल अवैध शराब जब्त की



**गिरिडीह :** जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयरीडीह गांव में एफएसटी टीम ने सोमवार को छापेमारी कर 150 बोतल अवैध शराब जब्त किया। शराब रंजीत राम के घर से बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक सरिया के एसडीपीओ धनंजय प्रसाद राम को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयरीडीह निवासी रंजीत घर में अवैध तरीके से शराब का कारोबार कर रहा है। इसके बाद एफएसटी प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में घर में छापेमारी कर शराब जब्त की गई। हालांकि, आरोपित मौके से भाग निकला। आरोपित रंजीत राम के खिलाफ सरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का हो रहा जबरदस्त विरोध



**धनबाद :** धनबाद लोकसभा सीट से अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध बदस्तूर जारी है। सोमवार को आदिवासी मुलवासी के बैनर तले झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का पुतला बिनोद बिहारी चौक पर दहन किया गया। पुतला दहन कर विरोध जता रहे ने गणपद महतो ने कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय यात्रा तो जरूर निकालते है, लेकिन चुनाव के समय स्थानीय को मौका न देकर बाहरी को प्रत्याशी के रूप में खड़ा कर देते है। अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धनबाद की जनता को वोट बैंक समझ रखा है। आदिवासी मुलवासी कांग्रेस के इस फैसले का कड़ा विरोध करती है और मांग करती है की धनबाद लोकसभा सीट के लिए स्थानिय को उम्मीदवार बनाये।

# चुनाव जीता तो सेवा करूंगा, नहीं तो राजनीति से ले लूंगा संन्यास : प्रदीप

स्वदेश संवाददाता



**गोड्डा :** राज्य की हॉट सीट बन चुकी गोड्डा में काफी राजनीतिक हलचल देखने को मिल रहा है। इस लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह को कांग्रेस की तरफ से टिकट दिया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों में कांग्रेस की तरफ से उम्मीदवार बदल दिया गया है। अब इस सीट से पांचवी बार प्रदीप यादव मैदान में हैं। पिछले चारों चुनाव वो हार चुके हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से वो इस बार पहली बार चुनाव लड़ेंगे।प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद तीन बार भाजपा के गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे से मुकाबला है। एक एक ओर निशिकांत दुबे ने चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है वहीं प्रदीप यादव की ओर से भी करारा जवाब मिला है। निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है। गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा।

प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ता से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दीजिए। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान अंसारी से मिलने वाले हैं। बाकी घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे। रविवार को ही कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था। अब यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे। वहीं, प्रदीप यादव को टिकट दिए जाने के बाद बीजेपी के प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा कि अब वह चुनाव प्रचार करने नहीं जाएंगे। सिर्फ रिजल्ट लेने जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो आदमी लगातार चार बार हारे, 2004 में फुरकान अंसारी से हारे, 2009, 2014 और 2019 में मुझसे हारे, जिनके ऊपर बलात्कार के आरोप हों उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करें। उन्होंने कहा कि 2019 में वो कहते दिखे कि यह मेरा आखिरी चुनाव है। इसके बाद संन्यास ले लूंगा। कई मौकों पर उन्होंने संन्यास लेने की बात कही, जिनके बात का कोई मतलब ना हो, जिनसे चुनाव में कोई मुकाबला ना हो, उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करेंगे।

# सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव : प्राचार्य

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया । उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने किया । प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 1970 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से हुई। पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण व जैव विविधता संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना है । हम लोग अपनी सुख सुविधा के लिए लगातार पर्यावरण का दोहन करते गए. इसका परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के रूप में हमारे सामने है। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा असर हमारी धरती पर पड़ रहा है । सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव है । अभी भी समय को बिना गंवाए पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त कर सकते है । उन्होंने कहा कि सुरक्षित पर्यावरण के लिए हमें पौधारोपण का संकल्प लेना होगा, ताकि धरती का बचाव हो सके। विभिन्न तरह के हानिकारक कचरो को उपजाऊ मिट्टी में फेंक दिया जा रहा है । इसका नतीजा उपजाऊ जमीन भी बंजर होती जा रही है। सीधा असर उपजने वाले अनाजों पर पड़ रहा है । जमीन बंजर होगी तो अनाज की पैदावार कम होंगे । भविष्य में हमारे खानपान पर इसका असर पड़ेगा । पृथ्वी के लगातार दोहन का कारण ही भीषण गर्मी व पेयजल जैसी समस्याओं का सामना मानव जाति कर रहा है । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने पृथ्वी दिवस के बारे में इस वर्ष की थीम ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक ₹ को मनाने के उद्देश्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा चौथी तक के 400 बच्चों ने भाग लिया । पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए,ग्लोबल वार्मिंग जल संरक्षण , जीव संरक्षण विषयों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कविता वाचन नारा लेखन , भाषण एवम चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम समाप्ति के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया` पौधारोपण से लाभ की जानकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को दी। साथ ही अभिभावकों से भी पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की । मौके पर नागेंद्र प्रसाद, बाल शेखर झा, प्रशांत कुमार, गौतम कुमार सिंह, कुमार समरेश, रूबी यादव, भावना घाले, ममता कुमारी, आभा सिंह, नीलम झा, अराधना, सोनिया, पूतुल मंडल, विद्या सागर, श्याम भूषण श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक-मुक्त हरी-भरी धरा बनाने का संकल्प

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्राइमरी व सीनियर, दोनों ही इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु (थीम) प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकतापरक गतिविधियों में भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। यह श्रृंखला प्राइमरी इकाई में धरती माता को समर्पित गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू हुई। इस क्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति से सभी को मोहित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली। इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने नारा-लेखन, काव्य-पाठ, पोस्टर व कलाकृति-निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक-मुक्त बनाना होना चाहिए। इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। सीनियर इकाई में भी विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पेंटिंग, शपथ-ग्रहण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से तैयार की गई आकर्षक कलाकृति अपने प्राचार्य को भेंट की।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद लोस सीट पर लड़ेगी चुनाव : सरयू राय

स्वदेश संवाददाता



**धनबाद :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सोमवार को सरयू राय प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सरयू राय ने इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही उन्हें सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दाखिल किया था, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराओं वाले भी केस दर्ज हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है। सरयू राय हाल के दिनों में बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं।

### सिंहभूम लोस सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी आज करेंगी नामांकन



चाईबासा: सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने सोमवार को सिंबल प्रदान किया। जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे।

# चौक-चौराहों पर जाम लगने से ग्रामीण परेशान

स्वदेश संवाददाता



**पांकी :** प्रखंड मुख्यालय के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग काफी परेशान रहते हैं। जाम के कारण भीषण गर्मी में राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा जाम एसबीआई बैंक भगत चौक के समीप लगती है। जाम की वजह सड़कों पर बेतरतीब तरीके से बाइक-ऑटो लगना है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा अभी तक बस स्टैंड का निर्माण नहीं कराया गया है। इस वजह से सड़कों पर दिन भर बस खड़ी रहती है। जाम का फायदा पॉकेटमार, चोर और अपराधी भी उठाते हैं। आये दिन अपराधी वारदात को अंजाम देकर भीड़ का फायदा उठाकर पैदल ही भाग जाते हैं। भीड़ की वजह से पॉकेटमार भी सक्रिय रहते हैं। आये दिन लोग पॉकेटमारी के शिकार हो रहे हैं। चार साल बाद भी पांकी बाजार में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं हुई है।

तत्कालीन पलामू एसपी इंद्रजीत महथा के साथ पांकी चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक 2020 में चेंबर अध्यक्ष पंचम प्रसाद की उपस्थिति में पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई थी। बैठक में तय हुआ कि दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी को पांकी बाजार में तैनात किया जायेगा। आमलोगों की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। परंतु चार साल बीतने के बाद भी आज तक इस दिशा में सकारात्मक पहल नहीं की गई। पलामू जिले के पांकी प्रखंड का सबसे बड़ा बाजार पांकी बाजार माना जाता है। पलामू, चतरा की सीमा पर स्थित पांकी मुख्य बाजार में दर्जनों प्रखंड के लोगों का आवागमन होता है। यहां लगभग 500 दुकानें हैं, इसकी सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। भीड़ से पांकी मुख्य पथ हमेशा जाम रहता है। ट्रैफिक पुलिस के नहीं होने से लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। इस भीषण गर्मी में गाड़ियां सड़क पर रेंगती नजर आती हैं। लोग पसीना से तरबतर रहते हैं। अभी लगन, शादी का महौल है, जिससे बाजार में चहल-पहल देखी जा रही है। लोगों को समान खरीदारी में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का इंतजार पुख्ता किया जाये।

# चान्हो के कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम आयोजित




स्वदेश संवाददाता

**चान्हो :** प्रखंड अंतर्गत चोरिया मोड़ स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपनी धरती का महत्त्व बताया गया तथा उसे साफ-सुथरा और हरा-भरा रखने का महत्व सिखाया गया। इनका उद्देश्य इन वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाना (रिसाइकिल करना) । वे प्लास्टिक बॉटल खिलौने, ई वेस्ट, तेल और दूध के पैकेट, धातु के बने डिब्बे इकट्ठा किए.इस अवसर पर अनेक छात्राओं ने संवाद बोल कर पृथ्वी दिवस की जानकारियों दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिहा शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि (कार्बन फुटप्रिंट)अर्थात कार्बन का उत्सर्जन कर इंसान तीव्र गति से कर पृथ्वी को प्रदूषित कर रहा है जिसके कारण पृथ्वी के वातावरण एवं तापमान में भारी बदलाव का सामना हमे करना पड़ रहा है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं से यह दृढ़ संकल्प कराया कि हम अपन पर्यावरण और पृथ्वी को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रयत्न करेंगे एवं वृक्षारोपण करें।

लोस चुनाव

### अब लोहरदगा सीट पर भी आईएनडीआईए गठबंधन की बढ़ेगी टेंशन

# चमरा लिंडा लडेंगे निर्दलीय चुनाव, खरीदा नॉमिनेशन फॉर्म

स्वदेश संवाददाता



**लोहरदगा :** लोकसभा सीट पर मुकाबला अब काफी रोचक होगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा के पहले से ही चमरा लिंडा के निर्दलीय चुनाव लड़ने की चर्चा हो रही थी। हालांकि चमरा लिंडा या उनके किसी भी समर्थक ने इसे लेकर कभी कोई बयान नहीं दिया था, परंतु अब चमरा लिंडा के चुनाव मैदान में उतरने को लेकर उनके प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद मुकाबला बेहद रोचक होने की उम्मीद की जा रही है। लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा चुनाव लड़ेंगे।चमरा लिंडा के चुनाव लड़ने को लेकर नामांकन प्रपत्र खरीद लिया गया है। लोहरदगा लोकसभा सीट पर मुकाबला बेहद रोचक होने जा रहा है। जनता के बीच जाने से पहले विधायक चमरा लिंडा ने अपने समर्थकों के साथ बैठक भी की है। विगत 17 अप्रैल को ही यह बैठक हुई थी। बैठक को बेहद गोपनीय रखा गया था. इसकी पुष्टि चमरा लिंडा के भंडरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि बिठु उरांव ने की है। बिठु उरांव ने कहा है कि चमरा लिंडा के निर्दलीय चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी है। इसको लेकर सोमवार को देवेंद्र तिर्की, शिवराम कच्छप ने नामांकन प्रपत्र भी खरीद लिया है। उन्होंने कहा कि विगत 17 अप्रैल को रांची के विधायक चमरा लिंडा के आवास में उनके समर्थकों की बैठक हुई थी। बैठक में लोहरदगा लोकसभा सीट के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र के उनके समर्थक मौजूद थे, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में खड़े होंगे। चुनाव को लेकर चमरा लिंडा अब जनता के बीच भी जाएंगे। आगामी दो मई को लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड के भैया गांव चौरा में एक सभा का आयोजन होगा। इस सभा में लोहरदगा लोकसभा सीट के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र से उनके समर्थक शामिल होंगे. लगभग एक लाख लोगों के इस सभा में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। चमरा लिंडा द्वारा आगामी 24 अप्रैल को नामांकन करना तय हुआ है। नामांकन के साथ ही वह चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे।

### स्टैंडिंग कमेटी की डीईओ सह उपायुक्त ने की बैठक

# ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन होगा कल

- राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा झ्र निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसिविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र)/काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/काउंटिंग सेंटर के लिए आइटीआइ मोड़,बाजार समिति को निर्धारित किया गया है। बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी 24 अप्रैल अपराह्न 03 बजे से होगा। उक्त तिथि/समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय आप सबों की उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पियूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# मतदाताओं की बेरुखी लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं




**लोकतंत्र** का महापर्व का आगाज हो चुका है। पक्ष-विपक्ष पूरे जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं। हालांकि, इन सब के बावजूद पहले चरण की वोटिंग अपेक्षाकृत कम हुई। सवाल यह है कि आखिर मतदान में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है, लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बड़े महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। हमारे एक वोट की कीमत है, लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार, देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।

गौर करनेवाली बात है कि पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाये तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गयी है।

राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गयी है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम है, लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष है, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल, अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाते। अब हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है, लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पायेंगे अन्यथा सब व्यर्थ है।

## अध्यात्म पथ

### गलत ढंग से भोग लगाने पर नाराज हो सकते हैं इष्टदेव, जानिये सही तरीका



**सनातन** धर्म में पूजा-पाठ में सही नियमों का पालन करना बेहद जरूरी माना गया है। भक्त अपने आराध्य की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं और उनको भोग लगाते हैं। मान्यता के मुताबिक, भगवान को भोग स्वरूप जो प्रसाद अर्पित किया जाता है, उसको भगवान स्वयं ग्रहण करते हैं। लेकिन भोग लगाने व बनाने के दौरान कई बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि कुछ लोग भोग लगाने के बाद कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनके इष्टदेव उनसे नाराज हो सकते हैं। इसलिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

**न करें ये गलती :** पूजा के दौरान लोगों को भूलकर भी कुछ गलतियों को करने से बचना चाहिए। कई लोग भगवान के लिए जो भोग बनाकर तैयार करते हैं, उसी में थोड़ा सा अलग निकालकर खाना शुरू कर देते हैं। फिर उसमें से निकालकर भगवान को भोग लगा देते हैं। लेकिन बता दें कि शास्त्रों में ऐसा करना वर्जित माना गया है। इसलिए अगर आप भगवान के लिए भोग बनाते हैं, तो उसका सीधे भोग लगाना चाहिए।

**भोग लगाने के बाद किसे खिलायें :** भगवान को भोग लगाने के बाद इसे सबसे पहले गाय को खिलाना चाहिए। क्योंकि, हिंदू धर्म के मुताबिक गौ माता में सभी देवी-देवता वास करते हैं और गाय को भोग खिलाने से सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। इससे व्यक्ति पर भगवान की कृपा बनी रहती है।

**भोग घर के बच्चे को खिलायें :** अगर आपको भोग खिलाने के लिए गौ माता नहीं मिल रही हैं, तो आप इसको घर के सबसे छोटे बच्चे को खिला सकते हैं। बताया जाता है कि छोटे बच्चों को भगवान का स्वरूप माना जाता है। इसलिए भोग आप बच्चे को खिला सकती हैं। इससे आपको शुभ परिणाम मिल सकता है।

**भोग लगाने के दौरान इस बात का रखें ध्यान :** ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, भोग लगाने के दौरान कई बातों का विशेष तौर पर ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भगवान को प्याज और लहसुन वाला भोग नहीं लगाना चाहिए। भोग बनानेवाले स्थान को साफ-सुथरा रखना चाहिए। साथ ही इस स्थान को गंगाजल से पवित्र करना चाहिए।

# उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

“प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते हैं - मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने 11वें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह हनुमानजी के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए।”

**ललित गर्ग**

**भगवान** हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र हैं। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार हैं जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुऐ। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिये हैं। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो हैं ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान भी हैं। वे उन्नत जीवन के आधार हैं। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। 33 करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केंद्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये।

भारत ही नहीं विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परंतु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिये विश्ववेदसम शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए बुद्धिमतां वरिष्ठं कहना पूर्ण युक्ति संगत है। रामचरितमानस में भी उनके लिये अतुलित बलधामं तथा ज्ञानिनामग्रगण्यम इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग हैं जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते हैं - मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने 11वें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह हनुमानजी के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के संदर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया। तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान राम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मंदिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में राम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में राम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिये थे। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिए इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं।**

# रोहिंग्या का इस्लामिक आतंक और दुनिया की चुप्पी

“रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी। सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं।”

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**म्यांमार** में इस्लामिक आतंकवादी समूहों ने 1600 से अधिक हिंदुओं और 120 बौद्धों को बंधक बनाकर रखा है। दुखद यह है कि इन पर हो रहे मानवीय अत्याचार के खिलाफ अब तक कोई भी अंतर्राष्ट्रीय संस्था की प्रतिक्रिया सामने नहीं आयी है। यूएन एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं तो छोड़िये, जिनका काम ही मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उसके हित में काम करना है और जो छोटी-छोटी बातों को भी कई बार तूल देकर वैश्विक रूप देने एवं किसी के भी खिलाफ माहौल बनाने में महारत रखती हैं, वह संस्थाएं भी इस विषय पर चुप्पी साधकर बैठी हैं, जैसे कि हिन्दू और बौद्धों के साथ होनेवाला यह अत्याचार कोई खबर ही न हो! देखा जाये तो पहले भी जब 2017 में रोहिंग्या आतंकी समूहों ने रखाइन राज्य में महिलाओं और बच्चों सहित 99 हिंदुओं का नरसंहार किया था, तब भी यह खबर तुरंत सामने नहीं आ सकी थी, किंतु रोहिंग्याओं ने इस घटना को अंजाम देते वक्त जिन हिन्दू महिलाओं और बच्चों को जबरन कलमा पढ़वाकर इस्लाम में कन्वर्ट किया और इन्हीं में से कुछ किसी तरह से भागने में कामयाब रहीं, तब इन महिलाओं की दुखद कहानियों से दुनिया को पता चला था कि ये रोहिंग्या इस्लाम को हर हाल में अधिक से अधिक फैलाने के लिए काम करनेवाले और दूसरे धर्मों के प्रति कितने क्रूर हैं।

म्यांमार की सरकार ने रोहिंग्याओं द्वारा एक के बाद एक अनेक हत्याकांडों को अंजाम देने और बढ़ते अत्याचार को देखते हुए अपने देश में सख्त कानून बनाने और उन्हें सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रमुख तौर पर विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद-नापसंद पर बने कानूनों को देखा जा सकता है। अब इन कानूनों के पालन में ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ रहे थे तो इन्होंने यहां से पलायन करना आरंभ किया और इस पर पूरा आरोप म्यांमार की सरकार पर थोप दिया कि वह इन्हें यहां रहने नहीं दे रही है। फिर दुनिया भर में इनकी दयनीय तस्वीरें छपने लगीं। ये रोहिंग्या, शरणार्थी का दर्जा लेकर और कई देशों में अवैध तरीके से घुस गये। फिर देखते ही देखते कई अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़ी संस्थाएं स्यापा करने लगीं कि हाय, इन रोहिंग्याओं के साथ म्यांमार की बौद्ध सरकार कितना बुरा बर्ताव कर रही है। लेकिन, हकीकत यही है कि अपनी आदत की मुताबिक ये जहां भी गये, वहीं इन्होंने अराजकता और हिंसा फैलाना जारी रखा है। वास्तव में म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज भारत है। यहां भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो। दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखंड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किये गये हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है।

रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी। सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बनभूलपुरा इलाके में तकरीबन पांच हजार रोहिंग्या मुसलमान और अन्य बाहरी लोग रहते हैं। बांग्लादेश के रास्ते भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं ने नेपाल के बाद भारत के मैदानी और पहाड़ दोनों ही स्थानों पर अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। रोहिंग्याओं ने कमोबेश यही स्थिति बांग्लादेश में बनायी हुई है। यहां 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए हैं। रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है। मुस्लिम देश होने के बाद भी इंडोनेशिया इनके आपराधिक चरित्र से इतना परेशान हो चुका है कि इन्हें अपने देश से बाहर निकाल रहा है। जो रोहिंग्या नेपाल चले गये, वे वहां भी जिहादी गुट में शामिल होकर इस बहुसंख्यक हिन्दू देश में अति इस्लामिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। थाईलैंड में 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली थी, लेकिन इनकी आतंकी गतिविधियों से तंग आकर अब तक लगभग 14 हजार को वापस भेजा जा चुका है। पाकिस्तान में भी करीब ढाई लाख रोहिंग्या पहुंचे थे, जिनके बारे में अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट है कि ज्यादातर को आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर बांग्लादेश की सीमा से भारत में टुकड़ियों में प्रवेश कराने के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इसके साथ ही कहना होगा कि म्यांमार में जो रोहिंग्या आज रह रहे हैं, वह गैर मुसलमानों के लिए अब भी खतरा बने हुए हैं। एसोसिएटेड प्रेस की इस रिपोर्ट ने तो जैसे आंखे खोलकर रख दी हैं। वस्तुतः इसकी हाल ही आई रिपोर्ट ने संकेत दिये हैं कि म्यांमार के रखाइन प्रांत में रोहिंग्या आतंकवादी समूहों द्वारा 2017 में किये गये हिंदुओं के नरसंहार की पुनरावृत्ति इस क्षेत्र में भी हो सकती है। यहां अराकान राज्य के बुथिडुआंग में हिंदुओं और बौद्धों के एक समूह को बंधक बनाकर रखा गया है। बुथिदौंग में अशांति और अस्थिरता बढ़ने के साथ, अस्थिरता ने एक नया मोड़ ले लिया है और इस्लामी आतंकवादी समूह अपनी सेना अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) और अराकन रोहिंग्या आर्मी (एआरए) के इशारे पर धर्म के आधार पर जातीय समूहों को मारने और आतंकित करने के लिए काम कर रहे हैं। वहां 1600 से अधिक हिंदू और 120 से अधिक बौद्ध हैं। फिलहाल वहां उनके द्वारा इन सभी को बंधक बना लिया गया है। इन बंधकों के जीवित रहने या रिहाई को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# डिग्री कॉलेज की इमारत बनी शोभा की वस्तु ! सरकार व अधिकारी के उदासीनता के कारण शिक्षण प्रारंभ नहीं

श्याम किशोर पांडेय

### सूर्यकुंड के समीप स्थित डिग्री कॉलेज 2 वर्ष पूर्व सज धज कर तैयार





बरकट्ठा। प्रखंड के सूर्यकुंड (नावाडीह) के समीप नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का भवन निर्माण कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है। कॉलेज सज धज कर तैयार है ।लेकिन शिक्षण कार्य प्रारंभ होने का शुभ मुहूर्त कब निकलेगा किसी को पता नहीं । बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के अथक प्रयास से प्रखंड में शिक्षा की बेहतरी के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई गई। वहीं कॉलेज निर्माण में सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए। भवन निर्माण, बाउंड्री, साज सजा, रंग रोगन, फर्नीचर आदि व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई, लेकिन मुख्य कार्य शिक्षण प्रारंभ अब तक न होना चिंतनीय है। बरकट्ठा प्रखंड में शिक्षा के विकास में यह कॉलेज मील का पत्थर साबित होती, बशर्ते पठन-पाठन प्रारंभ हो जाए। वहीं क्षेत्र के गरीब एवं मेधावी विद्यार्थी स्नातक स्तर तक की शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। कुछ अभिभावक आर्थिक तंगी के बावजूद अपने बच्चों को स्नातक कराने हजारीबाग, कोडरमा, रांची या अन्यत्र भेजने को मजबूर हैं। हालांकि वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव इस कॉलेज में शिक्षण प्रारंभ करवाने के लिए विधानसभा से लेकर संबंधित आला अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर रहा। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा पिछले वर्ष कॉलेज संचालन को लेकर सैकड़ो लोगों के साथ आंदोलन किया गया, बावजूद इसके परिणाम शून्य रहा। स्पष्ट है कि कॉलेज में पढ़ाई प्रारंभ होने से स्थानीय समेत आसपास के छात्रों व स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलता। पर कॉलेज में पढ़ाई किस सत्र से प्रारंभ होगी, किसी को पता नहीं है ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोडरमा लोकसभा अंतर्गत बरकट्ठा प्रखंड का यह सरकारी डिग्री कॉलेज राजनीति एवं अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार हो गया है ।जब तक शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होगी तब तक क्षेत्र के विकास का पैमान तय कर पाना मुश्किल है ।अब लोगों को इस बात का इंतजार है कि आखिर कब तक इस भव्य नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन शुरू की जाएगी?

## मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि आज

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं व मतदाता सूची में नाम निबंधित कराने की योग्यता रखते हैं,

परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में निबंधित नहीं है तो वें अपना नाम जुड़वाने हेतु, फॉर्म 6 भरकर अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बीएलओ/ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (सम्बन्धित प्रखण्ड / कार्यालय में) से प्रपत्र (निःशुल्क) प्राप्त कर फोटोग्राफ एवं आवश्यक कागजात भरकर उक्त नामित पदाधिकारी को/ कार्यालय में जमा कर सकते है अथवा https://voters.eci.gov.in/ Voter Helpline App पर आज तक आवेदन कर सकते है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जिले के 2100 स्थान में होगा हनुमान चालीसा पाठ : विश्व हिंदू परिषद

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर ग्राम एवं नगर स्तर पर 2100 स्थानो में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा। हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हो चुके हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है। हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म, समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित हेतु हम प्रार्थना करें, जिससे हमारा राष्ट्र सभी संकटों को मात कर बलशाली और वैभवशाली बने। अतः निवेदन है। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आप विशेष रूप से सहभागी बने।

## सांसद मद का पैसा भी नहीं खर्च कर पाई सांसद, विकास बाधित : रूपेश कुमार

स्वदेश संवाददाता



इचाक। आदर्श युवा संगठन के जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सांसद मद का 2.5 करोड़ पैसा भी सांसद खर्च नहीं कर पायी, जिसके कारण रकम वापस चला गया। अगर उस पैसे का प्रयोग क्षेत्र के लिए किया जाता तो निश्चित रूप से क्षेत्र का ही विकास होता। उन्होंने कहा कि एक तरफ करोड़ों रुपए सहारा में डूब गया उस पर संसद में सांसद का आवाज नहीं उठाना क्षेत्र के लोगों के प्रति उनका लगाव किस तरह है, यह जगजाहिर करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रहने के बावजुद भी बरकट्ठा, कोडरमा, जमुआ, बगोदर, गांडेय, तथा राजधनवर विधानसभा क्षेत्र मे दर्जनों स्कूल व अस्पताल निर्माण होने के बाद भी धूल फांक रहा है। ऐसे में आमजनों को जागरूक होने की जरूरत है।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ

स्वदेश संवाददाता

### चिकित्सा प्रभारी ने बच्चों के संग दवा खाकर बच्चों को स्वच्छ रहने के प्रति किया जागरूक



बड़कागांव। बीएम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। साथ ही स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के संग दवा खाकर जागरूक किया। मौके पर ड्रॉ अविनाश कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्व पर बताया कि 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को पेट कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चे बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियों होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को साल में दों बार एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिससे बच्चों में होने इन सब समस्याओं से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की दवा नहीं खा पाई है। उन्हें अगले दिन खिलाई जाएगी। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।बच्चे भी गोली खाने के लिए उत्सुक दिखे। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार, बीएम मेमोरियल स्कूल के उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, सहित सीसम देवी, अंबरी खातून, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल व मनोज यादव ने समान्नित कर बढ़ाया मनोबल




स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। जहां एक ओर हर कोई अपनी शुभ दिन पर पार्टी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करता है तो वही हजारीबाग जिले के निवासी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी ने अपनी शादी की दूसरी वर्षगांठ शहर के एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के संग बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया बुजुर्गों के साथ केक काटकर शादी की वर्षगांठ जैसी महत्वपूर्ण दिन को मनाया। साथ ही बुजुर्गों के बीच फल,नाश्ता का वितरण किया।

बुजुर्गों से वैवाहिक जीवन के सुख मय पाल के लिए आशीर्वाद लिया। सभी बुजुर्गों ने दोनों हाथों से विवेक तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप दोनों सदैव खुश रहे, आपके जीवन में ईश्वर का आशीर्वाद सदैव बरसता रहे। इस अवसर पर विवेक तिवारी, उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय, उनकी माताजी अनुराधा देवी, अनुराग उपाध्याय विधि तिवारी, हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर विवेक तिवारी ने कहा कि जीवन के हर एक दिन में हम अपने मौज मस्ती में रहते हैं पर ऐसे दिनों में यहां पर आने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अपने जन्म दिवस शादी के वर्षगांठ जैसे महत्वपूर्ण दिन पर यहां अवश्य आए और बुजुर्गों की सेवा करें उनकी सेवा करने से अपार आशीर्वाद प्राप्त होता है भविष्य सुख में होता है।

## नापोखुर्द उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चे मैट्रिक परीक्षा में सफल

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सत-प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 131 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थी ने सफलता प्राप्त किया।वही प्रथम श्रेणी से 115 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी से 15 विद्यार्थी व तृतीय श्रेणी से एक बच्चे ने सफलता प्राप्त की। वहीं सात बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है, जिसमें प्रियंका कुमारी 95% अंक प्राप्त किया है। वहीं मोहम्मद नुमन 94.6%, राजन कुमारी 93.6% छाया कुमारी, 93.4% रवीना कुमारी, 91.8% बादल कुमार 91. 2%,राहुल कुमार 91% अंक लाकर सफलता प्राप्त की है ।छात्र-छात्राओं के सत प्रतिशत सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं अध्यनरत बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही है। बच्चों की सफलता पर बधाई देने वालों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार, सहायक शिक्षक कुमार सुनील, आशीष कुमार, प्रकाश आनंद, रामप्रवेश साव, संजय राम, कंप्यूटर शिक्षक सुनील कुमार सहित विद्यालय परिवार शामिल हैं।

## प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में पेंटिंग्स और इको ब्रिक्स बनाकर बच्चों ने दिया पृथ्वी बचाने का संदेश

स्वदेश संवाददाता



कटकमसांडी। प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता और इको ब्रिक्स निर्माण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में गठित इको क्लब के मेंबर और शिक्षकों ने वृक्षारोपण कर किया । विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने इस मौके पर कहा कि जिस तेजी से प्राकृतिक संसाधन का दोहन हो रहा है। पृथ्वी को काफी क्षति पहुंची है। ऐसे में पृथ्वी दिवस के माध्यम से उन मुद्दों की तरफ ध्यान आकर्षित करना है, जिनकी वजह से प्रकृति को नुकसान हो रहा है। वहीउ कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार ने बताया कि वर्ष 2024 पृथ्वी दिवस का थीम है ग्रह बनाम प्लास्टिक जिसकी विस्तृत चर्चा कर कहा कि हमारे दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक जहर घोल रहा है। अब जागरूकता से ही इसके खपत को समाप्त किया जा सकता है। बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक पेंटिंग और इको ब्रिक्स बनाकर पृथ्वी के बचाव और नुकसान के कारकों को दर्शाया। पेंटिंग्स प्रतियोगिता में प्रथम प्रमोद कुमार, द्वितीय राजनंदनी, तृतीय साइना परवीन और लक्ष्मी कुमारी और इको ब्रिक्स बनाने वाले छात्र छात्राओं में सोनम परवीन, चांदनी कुमारी, राजनीधी, शमा परवीन, आरसी मलका आदि को फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी, डॉ. मैनेजर नाथ पांडेय,अशोक कुमार, डॉ. विकास सिंह, प्रिया ,उषा रानी महतो,जाहिदा बानो, महेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, भारती नायक, सदा सदफ, अजय बैठा, उत्तम सिंह, राकेश कुमार, सुरेश कुशवाहा, कोमल पांखी, दिलीप कुमार का अहम योगदान रहा ।

## मारवाड़ी युवा मंच ने महावीर जयंती में पर पानी एवं जूस का किया वितरण

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। भगवान महावीर के 2550 में जन्म कल्याणक निर्वाण महोत्सव रविवार को हजारीबाग में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच ने भगवान महावीर जयंती के सुअवसर पर निकली शोभायात्रा के सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ में सभी को पानी एवं जूस पिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाया गया। मंच के सदस्यों द्वारा शामिल महावीर जयंती पूरे उत्साह के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सी ए विनीत अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच सभी कार्यकर्म मे बढ़ चढ़कर सहयोग करता है हमारे लिए सभी वर्ग एक रूपी है। कार्यकर्म मे कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, धीरज जैन, दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू,सौरव गोयल, अमन चौधरी बादल गोयल, अमित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, रितेश खण्डेलवाल, बिनीत जैन, शुभम अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विनीत मुनका, राहुल, रोहन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

# 15वीं वित्त योजना की राशि भुगतान को लेकर बीडीओ और मुखिया के बीच तीखी नोकझोंक

स्वदेश संवाददाता



दारू (हज़ारीबाग)। प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ के कक्ष मे बीडीओ और मुखिया संघ के बीच 15वीं वित्त योजना की राशि का भुगतान नहीं करने को लेकर सोमवार को तीखी नोकझोंक हो गयी। इस बारे में मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार देव ने बताया कि हम सभी मुखिया बीडीओ मोहम्मद हारुन रसीद से मिलने उनके कक्ष में गये और 15वीं वित्त योजना की राशि का भुगतान नहीं होने के बारे में बात की। इसी दौरान बीडीओ अचानक भड़क गये और मुखिया संघ के अध्यक्ष को तमीज से बात करने की नसीहत दे डाली। बीडीओ के इस व्यवहार से महिला मुखिया सहित अन्य सभी मुखिया काफी नाराज हो गये और दोनो तरफ से तीखी नोकझोंक होने लगी, जिसकी आवाज़ प्रखंड मुख्यालय मे कार्यरत कर्मी और मौजूद लोगों ने सुना। इस मामले मे नोकझोंक होने के बाद सभी मुखिया बीडीओ कक्ष से बाहर आ गये। मुखिया संघ का कहना था कि पूर्व से स्वीकृत और काम किये गये योजना का बीडीओ भुगतान करने मे काफी दिनों से आनकानी कर रहे थे, जिसे लेकर वे बात करने गये थे, पर बीडीओ ने उनसे कहा कि वे पिछले ग्यारह वर्ष से बीडीओ के पद पर विभिन्न प्रखंडों में कार्य कर चुके हैं। इसलिए उनपर अनावश्यक दबाब नहीं दें। इस बारे मे बीडीओ मुख्यालय के कर्मियों ने बताया कि बीडीओ ने सभी कार्ययोजना के कागज़ात को दुरुस्त करने के बाद ही भुगतान करने का निर्देश दिया है और कागज़ात पूर्ण नहीं होने के कारण भुगतान में विलम्ब हो रहा है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष के साथ मुखिया अनिता देवी, सुनील कुमार, पिंकी देवी, महेन्द्र मुर्मू, भोला तुरी, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

स्वदेश संवाददाता

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के ग्राम गंगटिहाई मोड़ स्थित जीटी रोड बाईक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे की हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सोमवार की सुबह बरही से बगोदर की ओर जा रही बाईक संख्या डब्लूबी 40एएक्स 8065 ने खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मृतक रणविजय शाह 45 वर्ष पिता उमाशंकर शाह ओरंगाबाद निवासी के रुप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## मवेशी तस्करी रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई का असर बरकट्ठा में दिखा


स्वदेशसंवाददाता



बरकट्ठा। बगोदर पुलिस की मवेशी तस्करी रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई का असर बरकट्ठा में दिखने लगा। बगोदर पुलिस की कार्रवाई के बाद बरकट्ठा क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक मवेशी लदे पिकअप गाड़ी खड़ी है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मवेशी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी हो कि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर बगोदर थाना प्रभारी सुखसागर सिंह चौधरी ने कार्यवाई किया है। पुलिस ने रविवार 21 अप्रैल की रात को हजारीबाग गिरिडीह सीमा क्षेत्र से अवैध मवेशी लदे चार पिकअप वैन को जप्त किया जिस पर 22 दुधारू मवेशी को कत्लगाह के लिए पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहा था। कार्यवाई की भनक लगते ही बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक पिकअप गाड़ी पर लदे मवेशी को विभिन्न लाइन होटल एवं जंगलों में उतार कर सुरक्षित रखा गया है। बताते चलें कि हजारीबाग जिला के चौपारण, बरही, बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में जीटी रोड़ से होते हुए बंगाल के कत्लखाने में गो तस्करी नित दिन व्यापक पैमाने पर हो रही हैं। तस्करी में जुटे धंधेबाज बड़े वाहन का उपयोग न कर लगातार छोटे पिकअप गाड़ी से मवेशियों को ले जाने का काम कर रहे हैं। जिसकी जानकारी होने पर गिरिडीह पुलिस कप्तान ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अब देखना है कि हजारीबाग पुलिस कप्तान इस पर कब संज्ञान लेंगे। सवाल यह उठता है कि हजारीबाग जिला के चार थाना क्षेत्र से प्रतिदिन पिकअप में अवैध मवेशी लदे वाहनों के गुजरने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होना कई सवाल पैदा करता है।

# बरकट्ठा क्षेत्र में गर्मी का प्रचंड रूप दिखाने लगा, पेयजल की किल्लत से जूझ रहे लोग

स्वदेश संवाददाता





बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में पिछले दस दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल है. सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी का प्रचंड रूप दिख रहा है. गर्म हवा व लू के चलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. गर्मी के कारण पानी की समस्या भी गहराने गई है. पेयजल के लिए ग्रामीणों को दूर दराज से जाकर पानी लाना पड़ रहा है. प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश चापाकाल जवाब दे दिया हैं। कहीं कहीं चापाकल से 10-15 बार चलाने से थोड़ा पानी निकल रहा है। पानी की सबसे अधिक समस्या सिझुआ, उपरेली डेबो, हेठली डेबो, पतितिरी, करंडो, पाला, गैड़ा, बसरामो, कपका समेत बरकट्ठा उत्तरी व दक्षिणी गांव में है. बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित जलमीनार दिल्ली की कुतुबमीनार की तरह खड़ा लोगों के दर्शनीय वस्तु बनकर रह गयी है। निर्माण के कुछ महीनो बाद से ही यह जलमीनार बंद पड़ा है। इसके पश्चात लोगो को अब तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ है। भीषन गर्मी में यह लोगो को याद दिलाकर दर्द को और गहरा बना देती है. जानकारी होगी कि लगभग तीन करोड़ सत्तर लाख की लागत से लोगो को घर-घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बनाया गया था। पूरे बरकट्ठा बाजार व शहर में पाइप का जाल बिछाया गया जो गहरी नींद में योंही सोयी हुई है। गौरतलब हो कि जलमीनार के बने लगभग पंद्रह वर्ष हो गये हैं। इस बाबत समाज सेवी दर्शन सोनी ने कहा की इसको लेकर कई बार पेयजल स्वच्छता विभाग एवं वरीय पदाधिकारियों के बीच पत्राचार किया गया, लेकिन आज तक इस पर कोई अग्रतर कार्रवाई नही हो सका है। एक ओर जहां गर्मी के पारा से नदी-नाले, डोभे, कुंए सुख रहे है वहीं यह जलमीनार एक वरदान साबित होता। बताते चलें कि शहर की अधिकांश आबादी पतालसुर स्थित जल झरना वरदान साबित हो रही है। सुबह से ही लोगों की पानी लेने के लिए भीड़ जमा रहती है। जनप्रतिनिधि व अधिकारी यदि इस पर ध्यान दे तो पानी की समस्या को बहुत हद तक दूर किया जा सकता था।

संक्षिप्त समाचार

## श्रीलंका में कार रेस दुर्घटना में सात की मौत, 23 लोग घायल



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के सेंट्रल हिल्स में रविवार को एक कार रेस के दौरान एक कार ट्रैक से उतर गई। इसकी चपेट में आकर कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मीडिया प्रवक्ता डीआईजी निहाल थल्दुवा ने कहा कि सात मृतकों में रेस मार्शल और दर्शक शामिल थे। एक आठ साल की लड़की की भी हादसे में मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय नववर्ष के अनुसार श्रीलंका सेना द्वारा आयोजित, फॉक्सहिलसुपर क्रॉस 2024 नामक रेस देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसक इकट्ठा हुए थे। यह दौड़ श्रीलंका के मध्य हाइलैंड्स में एक पूर्व गैरीसन शहर दियातलावा में आयोजित की गई थी, जहां सभी सैन्यकर्मी सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं। नव वर्ष की छुट्टियों के मौसम के दौरान छुट्टियां मनाने वाले लोग सेंट्रल हिल्स में इकट्ठा होते हैं। जहां कार रेस और घुड़दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं। श्रीलंकाई सेना ने आखिरी बार 2019 में फॉक्सहिल रेस का आयोजन किया था, लेकिन देश भर में 2019 ईस्टर हमलों के बाद इसे अचानक रोकना पड़ा। यह दौड़ पांच साल बाद दोबारा आयोजित की जा रही थी, लेकिन घातक दुर्घटना के बाद रविवार को इसे फिर से निलंबित कर दिया गया।

## रूस ने पाकिस्तानी चावल में दूषित पदार्थ पाए जाने के बाद फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** रूस ने हालिया शिपमेंट में एक क्वारंटाइन ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी का पता लगाने के बाद पाकिस्तान को उसके यहां से चावल के आयात पर फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की संघीय वेटरिनरी एंड फाइटोसैनिटरी सर्विलांस सेवा (एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की, जिसमें मेगासेलिया स्केलारिस मक्खी पाई गई थी। इसने रूस में पाकिस्तानी दूतावास से मामले की तत्काल जांच का आदेश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होने और कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए प्रासंगिक फाइटोसैनिटरी मानकों को बनाए रखने की मांग की है। पाकिस्तानी मिशन ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) और संबंधित अन्य सरकारी कार्यालयों को रूसी प्राधिकरण के पत्र का अंग्रेजी अनुवाद भेजा है, जिसमें चावल निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से बचने के लिए शीघ्र जांच करने और रिपोर्ट साझा करने की मांग की गई है। रूस ने पहले 2019 में इसी तरह के मामले के आधार पर प्रतिबंध लगाया था, जो लगभग दो साल तक लगा रहा और खाद्य सुरक्षा मानकों पर दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच बातचीत की लंबी श्रृंखला के बाद ही हटाया गया था।

## एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां



**टेक्सास, एजेंसी।** एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं। मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं? एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।

# इजरायल से तनाव के बीच पाकिस्तान जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान और इजरायल में इन दिनों तनाव चरम पर चल रहा है। इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान के दौरे पर जा रहे हैं। इस सप्ताह उनका तीन दिन का पाकिस्तान दौरा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक दोनों देश अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं। जनवरी महीने में मिसाइल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान में संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने रईसी के दौरे की बात की पुष्टि की है।

बता दें कि इस समय इजरायल और ईरान आमने सामने हैं। सीरिया में ईरानी दूतावास में इजरायल एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने भी ताबड़तोड़ 300 मिसाइल और ड्रोन इजरायल पर दाग दिए थे। हालांकि ये मिसाइल इजरायल के सुरक्षा कवच को भेद नहीं पाए। वहीं इजरायल ने भी ईरान पर पलटवार किया। ऐसे में मिडल ईस्ट में तनाव देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति रईसी पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। वे आंचलिक और वैश्विक परिस्थितियों, द्विपक्षीय संबंधों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और व्यापारिक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इसके अलावा वह लाहौर और कराची शहरों का भ्रमण करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान ने भी कहा है कि मिडल ईस्ट में तनाव कम होना चाहिए।

बता दें कि ईरान और पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। वहीं मिसाइल स्ट्राइक के बाद दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया था। हालांकि अब दोनों देश एक दूसरे की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाए बिना आपसी संबंधों को मजबूत करने की कवायद कर रहे हैं।



**दोनों देशों से कैसे हैं भारत के रिश्ते :** पाकिस्तान से भारत के रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं। वहीं भारत के लिए ईरान बेहद महत्वपूर्ण साझेदार है। हथियारों की आपूर्ति करने के मामले में ईरान चौते नंबर पर है। भारत और ईरान के बीच पुराने सांस्कृतिक संबंध भी हैं। चाबहार पोर्ट भारत और ईरान को दुनियाभर के समुद्री मार्गों से जोड़ता है। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान को नियंत्रित करने में भी ईरान भारत की मदद करता रहा है।

बता दें कि ईरान और पाकिस्तान के बीच जब तनाव बढ़ा था तब पर्दे के पीछे से काम करके चीन ने सुलह करवा दी थी। रईसी के इस दौरे को भी चीन की रणनीति से जोड़ा जा रहा है। इसमें दोनों का स्वार्थ देखा जा रहा है। एक तरफ तो चीन पाकिस्तान में चल रहे अपने प्रोजेक्ट्क के लिए रास्ता साफ करना चाहता है। दूसरी तरफ ईरान परमाणु बनाना चाहता है जिसपर प्रतिबंध लगे हुए हैं। हालांकि अमेरिका से चलने वाली तनातनी के बीच ईरान चाहता है कि वह भी परमाणु हथियार से लैस हो जाए।

## इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ ने गाजा युद्ध जारी रखने को दी मंजूरी



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली चीफ ऑफ स्टाफ हरजी हलेवी ने गाजा में युद्ध जारी रखने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने दी। इज़राइली कान चैनल ने बताया कि मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा पट्टी शहर राफा में सैन्य अभियान की भी मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि इज़राइल के सहयोगियों ने राफा में हमले के खिलाफ चेतावनी दी है। लेकिन इज़राइल हमास की शेष बटालियनों को नष्ट करने के लिए राफा में सैन्य अभियान आवश्यक मानता है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने रविवार को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों के लिए कहा, जब तक आप घर नहीं आ जाते, हम लड़ते रहेंगे।

## इराकी लड़ाकों ने सीरिया में अमेरिकी बेस पर दागे रॉकेट



**बगदाद/दमिश्क, एजेंसी।** इराक से पड़ोसी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर पांच रॉकेट दागे गए। एक इराकी सुरक्षा सूत्र ने मीडिया को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के सूत्र ने रविवार को बताया कि हमला तब हुआ, जब अज्ञात लड़ाकों ने निनेवेह की प्रांतीय राजधानी मोसुल के उत्तर-पश्चिम में ज़ुम्मर शहर के पास एक इराकी गांव से पूर्वोत्तर सीरियाई क्षेत्र की ओर रॉकेट दागे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने सीरिया के उत्तर-पूर्वी प्रांत अल-हसाका के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खरब अल-जिर हवाई अड्डे पर अमेरिकी बेस पर ड्रोन से असफल हमले की सूचना दी है। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि अमेरिकी सुरक्षा बलों ने बेस पर पहुंचने से पहले ड्रोन को मार गिराया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमलों के पीछे इराक में तैनात ईरान समर्थित इस्लामी प्रतिरोध समूह का हाथ बताया जा रहा है।

## लेबनान में इजरायली हमले में मारा गया एक आतंकवादी



**बेरूत, एजेंसी।** दक्षिणी लेबनानी गांव पर इजरायली हवाई हमले में अमल मूवमेंट का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य घायल हुए। इसकी जानकारी लेबनानी सैन्य सूत्रों ने दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के 8 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए, जिसमें 15 घर तबाह हो गए और 25 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उनके लड़ाकों ने अल-मलिकियाह, मिसगाव अम, जल अल-आलम और डोविव बैरक की इजरायली साइट्स पर हमला किया। साथ ही कहा गया कि उन्होंने जेजिन जिले के लेबनानी गांव आइचीयेह के ऊपर एक इजरायली हर्मीस 450 ड्रोन को मार गिराया है। सशस्त्र समूह ने कहा कि इजरायली ड्रोन दक्षिणी लेबनान में स्थानों पर हमला कर रहा था। हिज्बुल्लाह और अमल मूवमेंट दोनों लेबनान में शिया पार्टियां हैं। इसके अलावा, लेबनान में अल-कसम ब्रिगेड, फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा ने दावा किया कि उन्होंने 20 ग्रैड मिसाइलों के साथ गैलील क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में इजरायली शोमेरा बैरक पर बमबारी की।

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हुए हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्ला ने इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च किए, जिसके चलते 8 अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इजरायल ने दक्षिण पूर्वी लेबनान की ओर गोलीबारी के जरिए जवाबी कार्रवाई की। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्ला और इजरायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 433 लोग मारे गए हैं, जिनमें 277 हिजबुल्ला सदस्य और 76 नागरिक शामिल हैं।

## इजरायली हिंसा के विरोध में वेस्ट बैंक में हड़ताल

**यरूशलेम, एजेंसी।** तुल्कर्म और गाजा पट्टी के शरणार्थी शिविरों में इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों की हत्या के विरोध में वेस्ट बैंक में रविवार को हड़ताल है। हड़ताल का आह्वान अन्य समूहों के अलावा फ़तह आंदोलन ने भी किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह रामल्लाह की सड़कों पर बहुत कम गाड़ियां दिखी और दुकानें बंद हैं।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन में रविवार सुबह इजरायली सैनिकों ने दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी। फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसे इजरायल के अधिकारियों ने ही मौत की सूचना दी। इजरायली सेना के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने पहले एक चेकपॉइंट पर इजरायली सैनिकों पर हमला किया था। 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल और उग्रवादी फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में स्थिति काफी खराब हो गई है। अकेले वेस्ट बैंक में ही 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, उनमें से अधिकांश की मौत इजरायली हमलों में हुई।

उधर गाजा में पिछले छह महीनों में 33,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई हजार से अधिक घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने शनिवार शाम वेस्ट बैंक में एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। सेना के मुताबिक उसने कम से कम 10 बंदूकधारियों को मार गिराया।

# इजरायली हमले में मरे एक ही घर के 13 बच्चे, पर एक करिश्मा भी- मां की मौत के बाद जन्मी बच्ची

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर फिर से हमले तेज किए हैं। यही नहीं रविवार को तो उसके हमले में एक ही रात में 22 लोगों की मौत हो गई। यही नहीं 22 जिंदगियां चली गईं तो एक का जन्म भी हुआ। इजरायली हमले में मारी गई एक इजरायली महिला के गर्भ से बच्ची का जन्म हुआ है। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। खबरों के अनुसार इजरायल के हमलों में जो लोग मारे गए हैं, उनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं। इन हमलों में अलग-बगल के दो घर ही निशाने पर आए और उनमें रहने वाले 22 लोगों की मौत हो गई।

इसी दौरान एक बच्ची का जन्म मरी हुई मां के गर्भ से हुआ। बच्ची का वजन करीब 1.4 किलोग्राम है और डिलिवरी ऑपरेशन से हुई है। बच्ची की देखभाल में जुटी डॉ. मोहम्मद सलमा ने कहा कि उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। फिलहाल उसकी जिंदगी को कोई खतरा नहीं है। बच्ची की मां सबरीन अल-सकानी 30 सप्ताह की गर्भवती थी और इजरायली हमले में उसकी मौत हो गई। मां की मौत के बाद पहुंचे बचावकर्मियों ने देखा तो गर्भ के अंदर बच्ची जिंदा थी। इसके तुरंत बाद ऑपरेशन किया गया और बच्ची को गर्भ से निकाल लिया गया।



बच्ची को फिलहाल राफा के एक अस्पताल में इनक्यूबेटर में रखा गया है। बच्ची के परिचय के तौर पर लिखा गया है- शहीद सबरीन अल-सकानी की बेटी। यह परिचय एक टेप पर लिखा गया है, जिसे उसके सीने पर चिपकाया गया है। सबरीन के साथ ही उसकी एक बच्ची की भी मौत हो गई है। इसके अलावा पति भी मारे गए हैं यानी नवजात बच्ची अनाथ है। बच्ची के चाचा रमी अल-शेख ने कहा कि उसकी बहन चाहती थी कि बेटी का जन्म हो तो उसका नाम रूह रखा जाए। उन्होंने कहा कि मलक बहुत खुश थी कि उसकी बहन दुनिया में आ रही है, लेकिन उससे पहले इजरायली हमले ने परिवार के तीन लोगों की जान ले ली।

**एक ही घर के मारे गए 13 बच्चे, इजरायली हमले से कोहराम :** डॉ. सलमा ने कहा कि बच्ची को तीन से चार सप्ताह तक अस्पताल में रखा जाएगा। सलमा ने कहा, %इसके बाद हम देखेंगे कि बच्ची को किसे सौंपना है। चाचा चाची को दिया जाए या फिर दादा को। यह एक बड़ी आपदा है। यदि यह बच्ची बच भी गई तो वह एक अनाथ के तौर पर जिंदगी गुजारेगी।% फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि एक घर के ही 13 बच्चे इजरायली हमले में मारे गए हैं। इसके अलावा दो महिलाओं की भी मौत हो गई है।

# पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।



**नवाज शरीफ की पार्टी का बढ़िया प्रदर्शन :** पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं पीपीपी, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल और इश्तेकाम पाकिस्तान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।

**उपचुनाव के दौरान कई जगह हुई हिंसा :** उपचुनाव के दौरान पाकिस्तान में कई जगह हिंसा भी देखने को मिली और पीटीआई और पीएमएलएन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की जान चली गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सरकार ने कई जगहों पर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही कई जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी पाबंदी रही। पंजाब की दो नेशनल असेंबली सीट प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मरयम नवाज के सीट छोड़ने के चलते खाली हुईं। शहबाज शरीफ के पंजाब असेंबली की दो सीटें छोड़ने के बाद भी इन सीटों पर उपचुनाव हुए।

# पाकिस्तानी संसद की मस्जिद से जूतों की चोरी, नमाज पढ़कर नंगे पैर लौटे सांसद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के लोगों की आर्थिक स्थिति इस हद तक खस्ताहाल हो चुकी है कि अब वे मस्जिद से जूतों की चोरी करने लगे हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसे पाकिस्तानी संसद के परिसर में स्थित मस्जिद से अंजाम दिया गया। चोर संसद की सुरक्षा को पार करने में कामयाब रहे और 20 जोड़ी जूते उड़ा ले गए। पाकिस्तानी सांसद, अधिकारी और पत्रकार उस वक्त हैरान रह गए जब वे मस्जिद से बाहर निकले और खुद को नंगे पैर पाया। संसद परिसर से जूते कैसे गायब हुए, इसका जवाब वहां पर तैनात सुरक्षाकर्मियों का पास भी नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना के बारे में जानकारी नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक तक पहुंची। उन्होंने इसे लेकर तुरंत हस्तक्षेप किया और सुरक्षा विभाग से इस पर रिपोर्ट सौंपने को कहा। यह घटना संसद भवन के भीतर स्थित मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई जिसकी जानकारी अब निकलकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि मौके पर नेशनल असेंबली के सदस्य, पत्रकार और संसदीय कर्मचारियों सहित श्रद्धालु भी मौजूद थे। अब इसे लेकर सवाल उठ रहा है कि सुरक्षित माने जाने वाली जगह से भी 20 जोड़ी जूते कैसे चोरी हो गए। क्या वहां पर मौजूद किसी भी शख्स की इस पर नजर नहीं गई।



**मस्जिद से बाहर निकलते ही उड़े लोगों के होश :** मस्जिद के अंदर जब लोग नमाज अदा कर रहे थे उसी वक्त चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। जैसे ही वे मस्जिद से बाहर निकले, उन्होंने देखा कि कई लोगों के जूते गायब हैं। ऐसी स्थिति में पाकर वे हैरान रह गए और सवाल उठने लगा कि संसद परिसर से चोरी कैसे हो सकती है। अब लोगों को यह समझ नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए। कुछ को तो वहां से नंगे पैर ही जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौके पर कुछ समय के लिए अराजकता जैसे हालात नजर आए। लोग वहां से नंगे पांव जाने के लिए तैयार नहीं थे और विकल्पों के लिए संघर्ष करते दिखे। वहीं, नेशनल असेंबली स्पीकर ने सुरक्षा चूक पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस घटना को लेकर तुरंत गहन जांच के आदेश दिए हैं। यह भी बताया जा रहा है कि जिस वक्त चोरी हुई, उस दौरान सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद नहीं थे।

# लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।

**लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन :** टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकार दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर, आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।



**शिया आतंकियों ने किया था अपहरण :** टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जॉहानेसबर्ग और फिर बेरूत में काम किया।

बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ाने की मांग की।

हालांकि टेरी की रिहाई नहीं हो पाई और अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी। अमेरिकी सरकार ने भी टेरी की रिहाई के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब बेकार गईं और टेरी को अपने जीवन के कई साल नरक जैसे हालात में बिताने पड़े थे।

## सामने अंधेरा छा गया...हीटवेव की खबर पढ़ते हुए बेहोश हो गई टीवी

**कोलकाता, एजेंसी।** देश में इस समय हीटवेव का असर देखा जा रहा है। कई जगहों पर तापमान 40 से 46 डिग्री के बीच पहुंच गया है। अप्रैल महीने में इतनी गर्मी की वजह से लोग परेशान हैं। एक टीवी चैनल पर हीटवेव का समाचार बताते हुए ही ऐंकर बेहोश हो गई। जानकारी के मुताबिक लाइव प्रोग्राम के दौरान ही महिला ऐंकर का ब्लड प्रेशर लो हो गया और उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। महिला ऐंकर का नाम लोपामुद्रा सिन्हा बताया गया है। दूरदर्शन कोलकाता के कार्यक्रम के दौरान हीटवेव की जानकारी देते हुए महिला ऐंकर की तबीयत बिगड़ गई। बाद में ऐंकर ने खुद बताया, ऐसा लगा जैसे टेलीप्रॉम्पटर फेड हो गया है। इसके बाद आंखों के सामने अंधेरा छा गया। सिन्हा ने कहा कि ज्यादा गर्मी और अचानक ब्लड प्रेशर कम होने की वजह से वह बेहोश हो गई थीं। उन्होंने कहा कि कूलिंग सिस्टम में खराबी की वजह से स्टूडियो में बहुत गर्मी हो गई थी। उन्होंने कहा कि सुबह के ब्रॉडकास्ट से पहले भी उनका गला सूख रहा था। सिन्हा ने कहा, मैंने कभी अपने पास बॉटल नहीं रखी। चाहे यह 15 मिनट का शो हो या फिर आधे घंटे का। मुझे कभी बीच में पानी पीने की जरूरत ही नहीं महसूस हुई। उन्होने कहा, जब ब्रॉडकास्ट 15 मिनट का बचा तो मेरा गला सूखने लगा। जब टीवी पर विजुअल्स दिखाए जा रहे थे तो मैंने मैनेजर से पानी मांगा। उन्होंने कहा, इसके बाद लगातार उनका फेस टीवी प र आने लगा और उन्हें पानी पीने का मौका ही नहीं मिला।

# मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित



### ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? उन्होंने कहा, हम फैसले (दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने) का कड़ा विरोध करते हैं...यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। एक व्यक्ति, एक पार्टी का शासन होगा और विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के रोड शो में बुलडोजर का काफिला, सीएम ने की छत्तीसगढ़ के भाचा राम से लेकर अयोध्या ?के राम की बात



**बिलासपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे।? लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर के काफिलों के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हुई इस सभा के दौरान उनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलडोजर रैली निकालते हुए किया है। बिलासपुर में सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकालते? हुए स्टेडियम पहुंचे। शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई। 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया। बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकालकर अंत में सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया है।? मुख्यमंत्री आज बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे । उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे हुए थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री राम भगवान का ननिहाल है और ननिहाल जाकर सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि, श्री राम भगवान का भव्य मंदिर 500 साल बाद आज अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है । यही कांग्रेस की जब सरकार थी तो उन्होंने राम भगवान के अस्तित्व को मानने से ही इंकार कर दिया था। इस तरह आज देश की जनता कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व को खत्म कर रही है।

### माफिया पर शिकंजा कसने को अब तीन दिन चलेगी कोर्ट

**लखनउ, एजेंसी।** आगामी चुनाव में माफिया, गैंगस्टर और शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रयागराज पुलिस आयुक्त रमित शर्मा की कोर्ट अब हफ्ते में दो की जगह तीन दिन चलेगी। चुनाव के दौरान अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर करने की कार्रवाई तेज हो गई है। अपराधियों को जिले से बाहर या जेल भेजा जा रहा है। लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए कोर्ट की अवधि बढ़ा दी गई है। कमिश्नरेट लागू होने के बाद पुलिस आयुक्त की कोर्ट शुरू हुई तो पता चला कि यहां हजारों पुराने केस लंबित हैं। गैंगस्टर एक्ट की फाइलों के निस्तारण के बाद भी उसे कोर्ट नहीं भेजा गया है। हैरानी की बात रही कि गुंडा एक्ट की हजारों फाइलें लंबित मिली। वर्ष 2012 से 2023 तक की फाइलों का निस्तारण नहीं किया गया। थाने से गुंडा एक्ट में कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई लेकिन उसे निरस्त किया गया और न ही जिलाबदर की कार्रवाई हुई। पुलिस कमिश्नर ने वर्तमान में सक्रिय अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सुनवाई तेज कर दी है।

# कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।' चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिंदबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है। चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा, 'यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।' कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियां और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ इन दिनों मुखर दिख रहे विजयन की भी आलोचना की और वामपंथी नेता से इस चुनाव को राष्ट्रीय चुनाव के रूप में देखने के लिए कहा।

## केजरीवाल पर चार्जशीट ला रही ईडी, आप पर सबसे बड़े संकट की होगी शुरुआत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जल्द चार्जशीट दायर की जा सकती है। ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा।

इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के



अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है। अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है। ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे।



### हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं ।22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई ।इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं ।देश भर से भक्तों के अयोध्या आने का सिलसिला जारी है ।बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद पहली रामनवमी हाल ही में बीती है ।सूर्य तिलक के लिए राम मंदिर में ऑप्टो–मैकेनिकल सिस्टम लागू करने से पहले, रुड़की इलाके के लिए उपयुक्त एक छोटा मॉडल सफलतापूर्वक मान्य किया गया ।

# मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच, ये संघ से मिले संस्कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर



पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। और उनको बांटेगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

### जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली: खरगे

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली। उन्होंने कहा, हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र सच की बुनियाद पर टिका है, पर लगता है Goebbels रूपी तानाशाह की कुर्सी अब डगमगा रही है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है। उन्होंने कहा, मोदी जी, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर व पंडित जवाहरलाल नेहरू की ओर से दिया गया सबको समान वोटिंग का अधिकार छीनना चाहते हैं।

## मेरठ में बढ़ेगी सियासी गर्मी ! आज योगी, अखिलेश और मायावती करेंगे रोड शो और जनसभा

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर अब भाजपा, बसपा, सपा ने सारी ताकत झोंक दी है। 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती मेरठ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री मेरठ में रोड शो करेंगे। मायावती हापुड़ रोड स्थित अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी 23 को सिवालखास में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेन्द्र शर्मा, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री का शहर में रोड शो होगा। देर शाम मुख्यमंत्री के रूट का निरीक्षण मुख्यमंत्री कार्यालय से आए प्रभारी संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, लोकसभा संयोजक कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर,मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता विवेक रस्तोगी ने किया। उधर, बसपा के मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती 23 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे अलीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं,सपा नेताओं के अनुसार अखिलेश यादव 23 अप्रैल को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**प्रशासन सतर्क :** 23 अप्रैल को मेरठ में वीआईपी दौरों को लेकर पुलिस, प्रशासन सतर्क है। अधिकारियों का कहना है कि 23 अप्रैल को तीनों अति विशिष्ट सुरक्षा श्रेणी के वीआईपी हैं। ऐसे में तीनों की सुरक्षा और शहर से लेकर जिले की व्यवस्था को लेकर सतर्क होना आवश्यक है। कई इलाकों में रूट डायवर्ट रहेंगे और वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। साथ ही भीड़ जमा होने को लेकर भी प्रशासन सतर्क है। वीआईपी के साथ ही आम जनता की भी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।

## सचिन पायलट के ट्रंप कार्ड ने किया कमाल तो फंस जाएगी बीजेपी? इन सीटों पर असर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। हाई प्रोफाइल सीट दौसा को लेकर दोनों ही दल जीत का दांवा कर रहे है। इस सीट पर लड़ तो रहे हैं कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा और बीजेपी कन्हेयालाल मीणा, लेकिन परीक्षा सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की होगी। पूर्वी राजस्थान में वर्चस्व की राजनीति को लेकर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की बीच अदावत किसी छिपी नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दौसा सीट को लेकर इस बार पेच फंस गया है। बीजीपे की यह सीट फंस सकती है। सचिन पायलट ने गुर्जर कॉर्ड का बखूबी इस्तेमाल किया है। ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि पायलट का ट्रंप कार्ड कमाल दिखा देता है कि बीजेपी की कम से कम 4 सीटें कांग्रेस को मिल सकती है। दौसा, टोंक सवाई माधोपुर, कोटा -बूंदी और अजमेर। इन सीटों पर गुर्जर वोटर निर्णायक भूमिका में रहते रहे हैं। हालांकि, सचिन पायलट ने अपनी किसी भी सभा या रैली में अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया है। पायलट हमेशा समाज से जुड़े कार्यक्रमों से भी दूरी बनाते आए है। लेकिन जिस तरह से पायलट समर्थकों ने गुर्जर वोटरों के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ रखी है। उससे बीजेपी को नुकसान होने का अंदाजा है।





## अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं। चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे। उन्होंने पिछले साल पार्टी छोड़ दी थी। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने या पार्टी या राजनीतिक आकाओं के राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। मेरा मानना है कि स्वतंत्रता आंदोलन 1857 में मंगल पांडे के विद्रोह के साथ शुरू हुआ था। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, खुदीराम बोस जैसे कई लोग थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

संक्षिप्त समाचार

## भारत के ग्रैंडमास्टर हैं गुकेश, कार्लसन को भी हरा चुके

● विश्व खिताब से बस कुछ कदम दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई के 17 वर्षीय डी गुकेश ने प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। हालांकि, अब कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद वह इस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और विश्वनाथन आनंद के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। नाकामुरा के खिलाफ




ड्रॉ खेलने के बाद उनका टूर्नामेंट जीतना तय नहीं था। सबकुछ बियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के बीच चल रहे अन्य मैच पर टिका था। इन दोनों में से जीतने वाला खिलाड़ी गुकेश के साथ टाई ब्रेकर खेलता। हालांकि, भाग्य गुकेश पर महरबान था, क्योंकि कारुआना और नेपोमनियाच्ची ने ड्रॉ खेला और गुकेश सबसे ज्यादा नौ अंक लेकर शीर्ष पर आ गए और टूर्नामेंट अपने नाम किया। दुनिया को कई बार चौंका चुके गुकेश शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है।

## लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी। साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे। ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े। हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।

## चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव



नई दिल्ली, एजेंसी। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था।

## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे.

## आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को

# वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

### हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.



### अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून- यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून- वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून- नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून- श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून- अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून- नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून- भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून- पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून- यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून- नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून- न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून- नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून- वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून- भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून- ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून- साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून- यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून- वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून- इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून- बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून- अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून- यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून- साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून- न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून- भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून- नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून- पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून- बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून- श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून- न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून- वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून- ए2 बनाम डी1, एंटीगा

## तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

**7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर**

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को



जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20 गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

## पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

# हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03्05्03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वलीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।




**वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट-** मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट-** पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी।

# प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?

### अब विराट कोहली की टीम को बचा पाएगा ये एक चमत्कार

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (ज्ञ्ज्ञ्) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार



अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!-** इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं.

## 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास, विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है।

**गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा-** चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था।

संक्षिप्त समाचार

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1286 रुपए की गिरावट के साथ 82,221 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1196 रुपए सस्ती होकर 83,950 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.30 फीसदी या 31.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,382.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,368.48 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 2.69 फीसदी या 0.78 डॉलर की गिरावट के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

## मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है।

# फेल होने के बाद करने लगे थे मजदूरी, एक टीचर ने बदली किस्मत, आज 500 करोड़ की कंपनी के मालिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेडी टु कुक इडली और डोसा बैटर बनाने वाली कंपनी आईडी फ्रेश फूड का बिजनस भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फैला है। कंपनी का एक तिहाई रेवेन्यू यूएई से आता है। कंपनी ने वहां बिजनस शुरू करने के बाद छह महीने में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। कंपनी अब अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में भी अपने प्रॉडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। इस कंपनी की स्थापना मुस्तफा पीसी ने की थी जिनका जन्म केरल के दूरदराज के एक गांव में हुआ था। उनके पिता एक दिहाड़ी मजदूर थे लेकिन शिक्षा के महत्व को अच्छी तरह जानते थे। मुस्तफा ने छठी क्लास में फेल होने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया था और मजदूरी करने लगे थे। लेकिन एक स्कूल टीचर उनके लिए देवदूत बनकर आया। उसकी पहल पर मुस्तफा फिर से स्कूल जाने लगे। फिर उन्होंने पूरे मन से पढ़ाई की और जीवन में बड़ा मुकाम हासिल किया। आज उनकी कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये है।

मुस्तफा ने कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में कहा कि एक शिक्षक ने उन्हें स्कूल लौटने के लिए मनाया और उन्हें मुफ्त में पढ़ाया। इस वजह से उन्होंने गणित में अपनी कक्षा में टॉप किया। फिर उन्होंने स्कूल टॉप किया। जब उनके कॉलेज जाने का समय आया, तो वहां भी टीचर्स ने उनकी मदद की। शिक्षकों ने ही उनकी फीस का भुगतान किया। उन्होंने कहा, मुझे पहली सैलरी 14,000 रुपये की मिली। जब मैंने यह पैसा पापा को दे दिया तो वह बहुत रोए। उन्होंने कहा कि तुमने मेरे पूरे जीवन की कमाई से ज्यादा कमाया है। इसके बाद मुस्तफा को विदेश में नौकरी मिली। उन्होंने दो महीने में ही पिता का 2 लाख रुपये का कर्ज उतार दिया। लेकिन अच्छी सैलरी के बावजूद वह वह अपना बिजनस शुरू करना चाहते थे।

### कैसे आया आइडिया

आईडी फ्रेश फूड का आइडिया उस समय आया जब उनके चचेरे भाई ने एक सप्लायर को एक सादे पाउच में इडली-डोसा बैटर बेचते हुए देखा। कस्टमर प्रॉडक्ट की क्वालिटी के बारे में शिकायत कर रहे थे। मुस्तफा के चचेरे भाई ने उन्हें क्वालिटी वाली बैटर कंपनी बनाने के विचार के साथ बुलाया। इस तरह शुरू हुई आईडी फ्रेश फूडफूड कंपनी। मुस्तफा ने साल 2005 में 50,000 रुपये के निवेश के साथ इस कंपनी की शुरुआती की। इसकी जिम्मेदारी अपने चचेरे भाइयों को सौंप दी। उन्होंने 50 वर्ग फुट के किचन में ग्राइंडर, मिक्सर और एक वेइंग मशीन के साथ शुरुआत की। इसे बेचने के लिए उनके पास एक सेकेंड हैंड स्कूटर था। मुस्तफा कहते हैं, हमें एक दिन में 100 पैकेट बेचने में 9 महीने से ज्यादा का समय लगा। उन्होंने कहा कि हमने इस दौरान बहुत सारी गलतियां कीं और उनसे सीखा। मुस्तफा कहते हैं, तीन साल बाद मुझे एहसास हुआ कि हमारी कंपनी को मेरी फुलटाइम जरूरत है। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और अपनी सारी बचत कंपनी में लगा दी। इस बात से उनके माता-पिता घबरा गए थे। लेकिन वह उन्हें यह भरोसा दिलाने में कामयाब रहे कि यदि बिजनस नाकाम हो गया तो वह फिर से नौकरी कर लेंगे। कई साल तक कंपनी ने संघर्ष किया और इस दौरान उसे काफी नुकसान भी हुआ। एक समय तो कंपनी अपने अपने कर्मचारियों को सैलरी देने की स्थिति में भी नहीं थी। मुस्तफा ने कहा, हमने अपने 25 कर्मचारियों से वादा किया था कि एक दिन हम उन्हें करोड़पति बनाएंगे। आखिरकार करीब एक दशक के संघर्ष के बाद कंपनी को निवेशक मिला और हमने अपना वादा पूरा कर दिया।

### किस बात का है अफसोस

आज कंपनी छह बैटर और पराठा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट ऑपरेट कर रही है। इनमें से एक यूनिट यूएई में है। कंपनी दिन में 2.5 लाख किलो बैटर और 52,000 किलो डो बना सकता है। इससे 44 लाख इडली और नौ लाख मालाबार पराठा बनाए जा सकते हैं। कंपनी ई-कॉमर्स और 45 शहरों में फैले 35,000 ऑफलाइन रिटेल पार्टनर्स के जरिए ग्राहकों तक पहुंचती है। 2023 में कंपनी का रेवेन्यू 500 करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनी का दावा है कि उसके सारे प्रॉडक्ट्स 100 परसेंट नेचुरल हैं। उनमें किसी भी तरह के केमिकल और प्रिजरवेटिव का यूज नहीं हुआ है।

लेकिन मुस्तफा को इस बात का अफसोस है कि वह अपनी सफलता को अपने बचपन के शिक्षक के साथ साझा नहीं कर सके। उन्होंने कहा, जब मैं घर लौटा, तो मुझे पता चला कि उनका निधन हो गया है। मैं चाहता था कि वो देखें कि एक मजदूर ने उनके कारण क्या हासिल किया है। 2018 में, मुस्तफा पीसी को प्रतिष्ठित हार्वर्ड में बोलने के लिए बुलाया गया था। मुस्तफा कहते हैं, मैंने पहले उन्हें उस शिक्षक के बारे में बताया, जिसने मुझे हार नहीं मानने दी। फिर अपने पिता के बारे में, जो अब भी अपने खेत में हर दिन पूरी मेहनत से काम करते हैं। इन लोगों ने मुझे सिखाया कि अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो एक मजदूर का बेटा भी एक मिलियन डॉलर की कंपनी बना सकता है।

## ईरान-इजरायल संघर्ष से बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।



संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस (स्ह्रत्न) के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

## प्रॉफिट में कंपनी, शेयर खरीदने की लूट, 385 पर आया भाव, मुकेश अंबानी की है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 फीसदी चढ़ गए और 385 रुपये के नए हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के नतीजे है। दरअसल, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

## इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।'

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्?तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

# भारत में पांच लाख लोगों को नौकरी देगी अमेरिका की यह दिग्गज कंपनी ऐपल!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में बड़े पैमाने पर बिजनस करने की तैयारी में है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में ऐपल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का एक्सपोर्ट 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के एक्सपोर्ट में करीब 100 फीसदी तेजी आई।

### टाटा के साथ कॉन्ट्रैक्ट

हाल में खबर आई थी कि ऐपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने के लिए की तैयारी में है।

दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है। इससे पहले टाटा ग्रुप ऐपल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है। टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**आम सूचना**

एतद द्वारा चतरा जिला के सभी प्रखण्डों के आम जनों को सूचित किया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में प्रर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी श्री अरविंद कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, चतरा एवं उनके अधीनस्थ कर्मी के रूप में श्री अमित कुमार एवं श्री वासुदेव उरांव पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के नियंत्रण कक्ष में रहेंगे साथ ही उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मति की शिकायत कार्यालय अवधि में अथवा लिखित आवेदन से शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी। पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल चतरा/ सिमरिया/हण्टरगंज में भी संबंधित ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराया जा सकता है एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के Toll Free No 18003456502 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

पेयजलापूर्ति आपूर्ति संबंधी शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 निम्नांकित है जिसपर उनसे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | चतरा शहरी | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | श्री अरविंद कुमार सिंह 9931972161 |
| 2. | कान्हाचट्टी/चतरा ग्रामीण | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 3. | ईटखोरी | श्री मंगल सिंह वाहान्दा 8674928011 | |
| 4. | मयूरहण्ड | | |
| 5. | गिद्धौर | | |
| 6. | पत्थलगड्डा | | |
| 7. | प्रतापपुर | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | मो0 फैसल अंसारी 8851790994 |
| 8. | कुन्दा | | |
| 9. | हण्टरगंज | | |
| 10. | सिमरिया | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 11. | टण्डवा | | |
| 12. | लावालौंग | | |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 323988 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



सचेत झारखण्ड! सुरक्षित झारखण्ड!

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार)**

**गर्म हवाएँ/लू : साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें।**

गर्म हवाएँ/लू की स्थिति में शारीरिक तनाव की संभावना होती है और कभी-कभी मौत का कारण भी बन जाता है। लू के प्रभाव को कम करने और इसके वजह से होने वाले गंभीर बीमारी/फीवर या मौत को रोकने के लिए निम्न उपाय उपयोगी है-

क्या करें :-
- जहाँ तक संभव हो सके घर के अन्दर रहने का प्रयास करें।
- रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्रों या मौसम सूचना से संबंधित Mobile App आदि के माध्यम से स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के द्वारा लू/ हीट-वेव की स्थिति के बारे में जानकारी लेते रहे और सजग रहें।
- खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढंक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके।
- जितनी बार संभव हो सके पर्याप्त पानी पीते रहें, भले ही प्यास नहीं लगा हो। यात्रा के समय अपने साथ पीने का पानी लेकर आवश्य चलें। ध्यान रहे कि मिर्गी या हृदय, किडनी अथवा लिवर समस्या से ग्रसित व्यक्ति, जो द्रव्य प्रतिबंधित आहार पर हैं, वैसे व्यक्ति चिकित्सक की सलाह लेने के पश्चात् ही पानी/द्रव्य की मात्रा को बढ़ायें।
- हल्का, ढीले-ढाले, छिद्रित और हल्के रंग का सूती कपड़ा पहनें। धूप में बाहर जाने वक्त सुरक्षा के लिए चश्मा, छाता/टोपी, जूते/चप्पल का प्रयोग करें।
- यदि आप बाहर काम करते है तो टोपी या छाता का उपयोग करें, साथ ही अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर नम कपड़े का उपयोग आवश्य करें।
- संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक पानी वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन आवश्य करें। ओ0आर0एस0, घर का बना पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नीबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगा।
- जानवरों को छांव में रखें और पीने के लिए पर्याप्त पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या चंदवा का उपयोग करें और रात में खिड़कियों को खोल कर रखें।
- पंखे/नम कपड़ें का प्रयोग करें और ठंडे पानी में अक्सर नहा लें।
- कार्यस्थल के समीप पीने के लिए ठंडा पेयजल की व्यवस्था रखें।
- सीधे धूप से अपने आप को बचाएँ। कठीन कार्य करने के लिए दिन के ठंडे समय में कार्ययोजना तैयार करें।
- खुले जगह में कार्य करने के बीच में आराम करने के समय व अंतराल में बढ़ोतरी करें। गर्भवती श्रमिकों और चिकित्सकीय शर्त वाले श्रमिकों को विशेश ध्यान देने की जरूरत है।
- हीट स्ट्रोक, हीट रैश या हीट कम्पस/ऐंठन के लक्षणों का पहचान करें जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना आदि। अगर आप बेहोशी या बीमार महसूस करतें हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

क्या नहीं करें :-
- नंगे पाँव या चेहरा व सिर को ढंके बिना बाहर जाने से बचें।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला नहीं छोड़ें।
- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकले। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- गहरे रंग वाले कपड़े, भारी या चुस्त कपड़े पहनने से बचें।
- बाहर का तापमान अधिक रहने पर भारी व कठीन कार्य करने से बचें। दोपहर 12 बजे एवं 3 बजे अपराह्न के बीच बाहर काम करने से बचें।
- तेज धूप व गर्मी के दौरान खाना बनाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्र को हवादार रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियों को खुला रखें।
- शरीर को निर्जलित करने वाले पेय पदार्थ जैसे शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड शीतल पेय आदि को पीने से बचें।
- अधिक प्रोटीन वाले भोजन जैसे-माँस, मेवे आदि जो शारीरिक तापमान में वृद्धि करते हैं, उनके सेवन से परहेज करें। खराब हो गये भोजन को कतई न खाएं।

नोट- किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 9304953423, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 108 एवं कंपोजिट कन्ट्रोल रुम के लिये 06546-264159 एवं 265233 नम्बर पर सम्पर्क करें।

**जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा जनहित में जारी**

उपायुक्त -सह- अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग।

PR 324003 Disaster Management(24-25)D

NEWS IN Gallery

### दिल्ली के सीएम केजरीवाल को कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत देने की मांग वाली एक जनहित याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्हें उनके कार्यकाल या मामले की सुनवाई पूरी होने तक (जो भी पहले हो) जमानत देने का अनुरोध किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता, जो कानून का एक छात्र है, पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए याचिका को पूरी तरह से गलत बताया और ऐसी याचिका दायर करने के उनके अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया। पीठ ने टिप्पणी की कि किसी आरोपी को केवल उच्च संवैधानिक पद पर रहने के लिए असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दी जा सकती है। इस तथ्य को ध्यान में रखा गया कि सीएम केजरीवाल अदालत के आदेशों के अनुसार न्यायिक हिरासत में हैं और जनहित याचिकाकर्ता के पास उनकी ओर से कोई पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं है।

### राहुल गांधी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शिकायत लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयोग पहुंचा। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में पार्टी महासचिव तरुण चुघ, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और वरिष्ठ नेता ओम पाठक शामिल थे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से लोगों को भाषा और क्षेत्र के आधार पर लड़ाने की साजिश कर रहे हैं, हमने उसकी शिकायत की। हमने चुनाव आयोग को बताया कि वह एक सिलसिलेवार और आदतन अपराधी हैं, जो झूठ बोलते हैं, साजिश रचते हैं और लोगों का ध्यान भटकाते हैं। तरुण चुघ ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने देश में उत्तर और दक्षिण के बीच दरार पैदा करने कोशिश की है, वो बेहद शर्मनाक है।

### कन्नौज से अखिलेश नहीं लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव तो वहीं बलिया सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के खिलाफ सनातन पांडेय को चुनावी मैदान में उतारा है। पहले कयास लगाये जा रहे थे कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई के पोते हैं। उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई थी। उन्होंने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और बड़ी जीत हासिल की थी।

नक्सलियों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुनौती, कहा -

# आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा नक्सलवाद को कर देंगे खत्म

एजेंसी

**कांकेर :** केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नरहरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश के कई राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा कर चुके हैं, दो से तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा यह लड़ाई जारी रहेगी। इस देश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया और अब नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच वर्ष तक भूपेश बघेल की सरकार थी, नक्सलियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो चार महीने में ही 90 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया, 123 गिरफ्तार हुए और 250 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। हमने नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने के साथ-साथ विकास का काम भी किया है।

शाह बोले – बघेल की सरकार में नक्सलियों पर नहीं होती थी कार्रवाई




### मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का किया है काम

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। उन्होंने कहा - मोदी जी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है। चार पीढ़ियों से राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को पैसा नहीं दिया और ना ही किसानों को पैसा दिया। कांग्रेस ने तेंदु पत्ता वालों को बोनस नहीं दिया, घरों में गैस, बिजली, शौचालय और नल से जल नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार ने किसानों के धान को कभी 3,100 रुपये में नहीं खरीदा। मोदी सरकार में गरीबों को आवास, गैस, बिजली, शौचालय, मुफ्त अनाज और नल से जल देने का काम किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य का खर्चा निःशुल्क कर दिया है। मोदी 3.0 में 70 साल से ऊपर सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को वोटबैंक की चिंता है, कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लटका कर रखा था। इनके नेता रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। यह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में बड़े-बड़े फैसले लिये गये जो 70 सालों में नहीं लिये गये। आतंकवाद को समाप्त किया। कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर बीते 10 वर्षों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है। अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि चार दशक तक छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए क्या किया? हमने आतंकवाद खत्म किया, अब नक्सलवाद समाप्ति के कगार में है। देश के 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया। अब आगे के लिए मोदीजी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जायेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का जम्मू-कश्मीर से क्या लेना-देना है। खड़गे आपकी और राहुल बाबा की चाहे जो सोच हो, लेकिन कश्मीर के लिए छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा जान देने के लिए तैयार है।

नीतिश ने लालू परिवार पर साधा निशाना, कहा –

# अपने परिवार को ही आगे बढ़ाने में लगे हैं कुछ लोग

- चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतिश बोले - हमने परिवार को नहीं बढ़ाया

एजेंसी

**भागलपुर :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है। लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया। सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गये। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे।




### नीतिश बोले – हमने महिलाओं को दिया आरक्षण

**नीतीश** कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलायी। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गये थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गये थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गये तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है। हमने आठ हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जायेगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देशभर में आजीविका कहलायेगी। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे।

## मोदी के नेतृत्व में हुआ सबका विकास : नड्डा

एजेंसी

**रायपुर/लोरमी :** बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के प्रचार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा सोमवार को मुंगेली जिले के लोरमी में एक जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलायी और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलायी। मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास हुआ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा - आज छत्तीसगढ़ की मां कौशिल्या की भूमि में मेरा आगमन हुआ है। जम्मू कश्मीर में दो विधान और दो झंडे



थे, जबकि भारत में एक विधान एक झंडा होना चाहिए। पीएम मोदी ने सरकार में आने के बाद 6 अगस्त 2019 को धारा 370 को धराशाई किया। राम मंदिर बनाने का मजबूत फैसला लिया गया और भव्य राम मंदिर का निर्माण भी हो गया। कांग्रेस पर तीखे हमले करते हुए हुए नड्डा ने कहा कि मुश्लिम देश ईरान, इराक और पाकिस्तान में तीन तलाक लागू नहीं था, जबकि भारत में लागू था। पीएम मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक कानून को हटाया गया। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलायी और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है। कांग्रेस पार्टी सदा राम विरोधी और सनातन विरोधी रही है। मनमोहन सरकार में कोर्ट में कांग्रेस सरकार ने एफिडेविड दिया कि राम काल्पनिक हैं। इनका साथी स्टालिन सनातन धर्म को डेंगू कहता है, एड्स कहता है और कांग्रेस पार्टी बिल्कुल चुप रहती है। कांग्रेस को देश विरोधी ताकतों को समर्थन देने में मजा आता है।

## संविधान बदलने की साजिश रच रही भाजपा : प्रियंका

एजेंसी

**बालोद/राजनांदगांव :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा देश के संविधान को बदलने की साजिश रच रही है। प्रियंका ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा - भाजपा के कई नेता जगह-जगह भाषण दे रहे हैं कि हमें चार सौ सीट दो हम संविधान बदल देंगे। आपको क्या लगता है कि भाजपा के नेता बगैर मोदी जी की इजाजत इतनी बड़ी बात कह सकते हैं। यह पूरी साजिश है।



प्रियंका ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर दिखावे की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि भाजपा के लोग मोदी जी को ताकतवर बताते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी ताकत का इस्तेमाल कभी भी लोगों की समस्याएं कम करने में नहीं किया। प्रियंका ने अपनी दादी इंदिरा गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने दिखावे के लिए राजनीति नहीं की, आपके बीच आयीं, आपकी समस्याओं को उन्होंने समझा। प्रियंका ने कहा कि धर्म का मतलब सेवा व सत्य है और अगर नेता मंच पर खड़े होकर झूठे वादे करें तो वह धार्मिक नेता नहीं है। उन्होंने कहा - देश में पिछले 10 वर्षों में महंगाई हद से ज्यादा बढ़ चुकी है। बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे ज्यादा है। खेती के सामान पर जीएसटी लगाने के बाद आज खेती करना मुश्किल हो गया है।

## 98 चुनावों में हार के बावजूद नहीं टूटा हसनुराम का हौसला

एजेंसी

**आगरा :** 79 साल के हसनुराम इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं, क्योंकि उन्होंने अपना 99वां चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। 1985 के बाद से अपने 98 प्रयासों में हार का सामना करने के बावजूद अंबेडकरी ने चुनावी अखाड़े में अपनी किस्मत आजमाना जारी रखा है। इस बार उन्हें फतेहपुर सीकरी से शतक के करीब पहुंचने की उम्मीद थी, हालांकि भाग्य ने उन्हें करारा झटका दिया क्योंकि फतेहपुर सीकरी से उनका नामांकन खारिज कर दिया गया।

चुनाव लड़ने के उनके जुनून का स्वीकार करते हुए अंबेडकरी का परिवार उनके दृढ़ संकल्प का सम्मान करता है और उनके लक्ष्य के साथ



खड़ा है। एक क्लर्क और एक मनरेगा कार्यकर्ता के रूप में काम करने के बाद अंबेडकरी अपने चुनावी अभियानों का वित्तपोषण पूरी तरह से अपने संसाधनों से करते हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ना मेरा जुनून है और मैं इसका खर्च अपने आप पूरा करता हूं। मैं किसी से वित्तीय सहायता या समर्थन नहीं मांगता। मुझे पता है कि मैं जीत नहीं पाऊंगा, लेकिन हार की सोच मुझे चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकती। उन्हें ये पता है कि समय उनके पक्ष में नहीं है.. लेकिन अंबेडकरी चुनाव लड़ने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा - मैं शतक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं और मैं यह भी जानता हूं कि मेरी उम्र बढ़ रही है। मैं दुनिया से जाने से पहले अपना लक्ष्य हासिल कर लूंगा।

## पौराणिक महत्व वाले कटिहार में दिलचस्प मुकाबला, खोई जमीन पाने में जुटी कांग्रेस

INSIDE STORY

एजेंसी

**कटिहार :** पौराणिक और राजनीतिक महत्व रखने वाली कटिहार की धरती पर किसानों की मेहनत से आम के बगान और पोखरों में मखान के पत्ते देखकर आप इस क्षेत्र की समृद्धि का अंदाजा लगा जा सकते हैं। जूट की पहचान वाले इस कटिहार की राजनीतिक समझ भी किसी क्षेत्र से कम नहीं। तभी तो सीताराम केसरी, मोहम्मद यूनुस सलीम, तारिक अनवर जैसे दिग्गज इस क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।




### पौराणिक महत्व वाला माना जाता है क्षेत्र

यह क्षेत्र पौराणिक महत्व वाला भी माना जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण भी यहां अपने खोए आभूषण को खोजने आए थे। बिहार में सभी सात चरणों के तहत मतदान होना है। बिहार की कुल 40 सीटों में से पहले चरण में चार सीटों पर चुनाव हो चुका है। कटिहार के मतदाता लोकसभा के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान करेंगे।

इस चुनाव में भी पांच नदियों के किनारे बसे इस कटिहार क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प दिखाई दे रहा है। महागठबंधन की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर को चुनावी मैदान में उतार कर कांग्रेस अपनी खोई जमीन हथियाने की फिराक में है, तो एनडीए ने जदयू के दुलालचंद गोस्वामी को फिर से उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी इन दोनों के ही बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें गोस्वामी भारी पड़े थे और पहली बार सांसद बने थे।

वैसे, आंकड़ों पर नजर डालें तो कटिहार की पहचान तारिक अनवर से होती है। यहां से वे 11 बार चुनाव लड़ चुके हैं और पांच बार विजयी रहे हैं। 1980 में कांग्रेस के टिकट पर तारिक अनवर ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1984, 1996, 1998 और 2014 में उन्होंने अपना परचम लहराया।

भाजपा के निखिल कुमार चौधरी को भी यहां तीन बार प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। इस चुनाव में तारिक अनवर और दुलारचंद गोस्वामी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इसके अलावा कटिहार सीट पर बहुजन समाज पार्टी के गोपाल कुमार महतो, भारत जोड़ो जनता पार्टी से विष्णु सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से मरांग हांसदा, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से राज कुमार मंडल, समाज शक्ति पार्टी से बिंदु कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी भी यहां से भाग्य आजमा रहे हैं। यहां छह विधानसभा सीट कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी और बरारी हैं। इनमें कटिहार और प्राणपुर में भाजपा, कदवा और मनिहारी में कांग्रेस, बरारी में जदयू और बलरामपुर में सीपीआई एमएल के विधायक हैं। करीब 21 लाख मतदाताओं वाले सीमांचल की इस सीट पर एक बार फिर महागठबंधन को एमवाई समीकरण पर भरोसा है तो दूसरी तरफ एनडीए को प्रधानमंत्री के चेहरे, पिछड़े और अति पिछड़े, सवर्ण के साथ नीतीश कुमार के नाम पर कुछ मुस्लिम मतदाताओं से भी आसरा है।

चुनावी वादा

एनसीपी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र किया जारी

# जाति आधारित जनगणना व किसानों के लिए एमएसपी का वादा

एजेंसी

**मुंबई :** एनसीपी ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण को भारत रत्न पुरस्कार देने और मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिलाने की अपनी मांगों को आगे बढ़ायेगी। घोषणा पत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार ने कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल की उपस्थिति में जारी किया। इसमें किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात कही गयी है।

राकांपा ने किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना दी जाने वाली राशि में वृद्धि की मांग की है। पार्टी कृषि फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाने और इसे अधिक किसान-अनुकूल बनाने की पक्षधर है। इसके अलावा, पार्टी ने मुद्रा योजना योजना के तहत



ऋण को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रयास करने का प्रस्ताव दिया है। पार्टी ने बिजली के पारंपरिक स्त्रोतों पर किसानों की निर्भरता को कम करने के लिए कहा कि कृषि उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए बिजली आपूर्ति के स्थायी स्त्रोत प्रदान करने और सौर ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, जलविद्युत परियोजनाओं आदि को बढ़ावा देने की बात कही। इसके अलावा पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में 12 बलुतेदार (कारीगरों, शिल्पकारों) वर्गों के लिए विश्वकर्मा योजना का दायरा बढ़ाकर महाराष्ट्र को भारत की कौशल विकास राजधानी बनाने और आधुनिक कौशल विकास तकनीक के साथ उद्योगों को विकसित करने के लिए प्रयास करने का उल्लेख किया। घोषणा पत्र के मुताबिक पार्टी राज्य में अनुबंध के आधार पर निजी कंपनियों में शिक्षित और कुशल युवाओं का पारिश्रमिक 12 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति माह करने का प्रयास करेगी। लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन को भी पार्टी ने दोहराया है।

विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक को लेकर हालिया विवादों के बीच, एनसीपी ने पेपर लीक को रोकने और भर्ती प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए एक सख्त कानून बनाने की मांग की है। एनसीपी ने पूरे देश में 60 साल से ऊपर के लोगों को रेलवे और मेट्रो यात्रा पर 50 प्रतिशत की छूट देने और 70 साल से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना लागू करने का प्रस्ताव रखा है। पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर नदी-जोड़ने और नदी-शुद्धिकरण परियोजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव रखा है।